दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 81 जयपुर, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### ट्रेन में आग की अफवाह... कूदे यात्री, कई मौतें



**जामतारा।** झारखंड के जामतारा में रेलवे ट्रैक पर एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां ट्रेन की चपेट में लगभग 12 लोगों के आने की खबर है। इनमें से कुछ की मौत हुई है। हादसा अंग एक्सप्रेस में सवार यात्रियों के साथ हुआ है। दरअसल, ट्रेन में आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों में भगदड़ मच गई थी। बदहवास होकर भाग रहे इन्हीं यात्रियों को दूसरी पटरी पर आ रही एक अन्य ट्रेन ने कुचल दिया। घटना बुधवार (28 फरवरी 2024) की देर शाम की है।

### माशिबो की सीनियर सेकेंडरी परीक्षा आज से




**अजमेर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा की ओर से गुरुवार से प्रदेशभर में सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाएं शुरू हो रही है। यह परीक्षा प्रदेश के 6144 परीक्षा केन्द्र पर होगी। परीक्षाएं सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक होंगी। परीक्षाएं के लिए बोर्ड ने तैयारियां पूरी कर ली है। बोर्ड ने छात्रों से परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग से बचने की अपील की है। साथ ही, परीक्षा की पवित्रता बनाए रखने की सलाह दी है। गौरतलब है कि सैकण्डरी व सीनियर सेकेंडरी में 19.39 लाख विद्यार्थी पंजीकृत है। इसमें सीनियर सेकेंडरी के 8 लाख 66 हजार 270 तथा सेकेंडरी के 10 लाख 62 हजार परीक्षार्थी हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### जयपुर में हथिनी गौरी ने रूसी महिला पर्यटक पर बोला हमला... पेटा ने उठाई सेंचुरी भेजने की मांग

# गुस्साई गौरी... सैलानी महिला को सूंड से उठा घुमाकर पटका

**बेधड़क** | जयपुर

यहां आमेर महल में हाथी सवारी करने का शौक एक रूसी पर्यटक को तब भारी पड़ गया, जब हथिनी गौरी ने उसे आमेर महल के जलेब चौक में सूंड से उठाकर चारों तरफ घुमाया और पटक दिया। इससे पर्यटक मारिया बुरी तरह से घायल हो गई और उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। उसे आमेर महल प्रशासन ने सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया। एनिमल वेलफेयर के लिए काम कर रही संस्था पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) ने हथिनी गौरी को सवारी से बैन करने और सेंचुरी भेजने की भी मांग करते हुए उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को पत्र भी लिखा है। आमेर महल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 13 फरवरी की है, जब हाथी आमेर महल के जलेब चौक में पर्यटकों को लेकर पहुंचे थे। उनमें से हथिनी गौरी ने रूसी पर्यटक मारिया को सूंड से उठाकर पटक दिया था।




**गौरी अनफिट... सवारी के लिए बैन**

"प्रशासन की ओर से ही पर्यटक मारिया को सरकारी गाड़ी से तत्काल एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचाया गया था। पेटा की तरफ से लेटर भी मिला है। हम उस पर संज्ञान ले रहे हैं। सेंचुरी भेजने का निर्णय हमारे यहां से नहीं हो सकता है। हमने उसे सवारी के लिए अनफिट घोषित कर बैन लगा दिया है।"

**-राकेश छोलक,** आमेर महल अधीक्षक

### राजस्थान लाए जाएंगे विदेश से चीते

एक बार फिर राजस्थान में विदेश से चीता लाने की कवायद राज्य सरकार ने शुरू कर दी है। इसके लिए विशेषज्ञों की समिति ने अध्ययन किया है और पाया है कि जैसलमेर में शाहगढ़ बल्ज और कोटा में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व (MHTR) चीता लाने के लिए उपयुक्त जगह है। वहीं, कांग्रेस नेताओं और वन्यजीव विशेषज्ञों ने दावा किया कि राजनीतिक कारणों से राजस्थान में चीता के आगमन को रोका गया, नहीं तो ये दोनों क्षेत्र चीतों के लिए सबसे उपयुक्त जगह थे। गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में अग्नि नाम का एक चीता भटककर बारां जिले में पहुंच गया था। उसे पकड़कर कूनो ले जाया गया था। अब राजस्थान सरकार ने चीते लाने की कवायद शुरू कर दी है। वन मंत्री संजय शर्मा बताया कि हमने चीता को राज्य में लाने के लिए भारत सरकार के साथ बातचीत शुरू कर दी है।

### क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी: विवाद, इस्तीफे के बाद मैच की तैयारी

# जयपुर में होंगे तीनों मैच जिम्मा RR और RSSC को



फोटो: राजेश कुमावत



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में चल रहे राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन एवं राजस्थान खेल परिषद के मध्य क्रिकेट विवाद के बीच बुधवार को एक अच्छी खबर सामने आई कि जयपुर में आईपीएल के तीनों मैचों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी राजस्थान खेल परिषद और फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयलस संभालेगी। आईपीएल आयोजन समिति और फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्य के पदाधिकारियों के साथ राजस्थान खेल परिषद ने स्टेडियम का दौरा किया और मीटिंग कर आयोजन के संबंध में जरूरी हिदायतों के साथ सुविधाएं प्रदान करने में सहयोग का आश्वासन दिया। बता दें, राजस्थान खेल परिषद के अधिकारियों ने पिछले हफ्ते सील किए स्टेडियम मैच आयोजन के लिए राजस्थान रॉयल्स के सुपुर्द कर दिया।

#### ऐसे शुरू हुआ विवाद

राजस्थान में सरकार बदलने के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में भी विरोध के स्वर उठने लगे थे, नागौर एवं चूरू जिला क्रिकेट संघ में भाजपा समर्थित अध्यक्ष चुने जाने के बाद आरसीए ने उनका चुनाव नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए रद्द कर दिया था। फिर, हालात ऐसे बने कि अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और खेल परिषद ने स्टेडियम सील कर दिया था।

#### कब-कब होंगे मैच

- 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स Vs लखनऊ सुपर जॉयंट्स दोपहर 3:30 बजे से
- 28 मार्च को राजस्थान रॉयल्स Vs दिल्ली कैपिटल्स शाम 7:30 बजे से
- 6 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स Vs रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु का मैच शाम 7:30 बजे
- इन मैचों के अलावा राजस्थान रॉयल्स का चौथा मुकाबला 1 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के साथ मुंबई में शाम 7:30 बजे खेला जाएगा।

### राजस्थान पुलिस और 'मीसो' के बीच एमओयू

# 'ऑनलाइन फ्रॉड' पर लगाएंगे लगाम

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पुलिस प्रदेश में ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में लोगों में जागरूकता के जरिए इसके प्रकरणों पर लगाम कसने के लिए ई-कॉमर्स कम्पनी 'मीसो' के साथ मिलकर कार्य करेगी। इस बारे में बुधवार को जयपुर में पुलिस मुख्यालय में महानिदेशक साइबर क्राइम, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा एवं महानिरीक्षक एससीआरबी शरत कविराज की मौजूदगी में करार (एमओयू) किया गया है। राजस्थान पुलिस की ओर से पुलिस अधीक्षक, एससीआरबी मनीष कुमार चौधरी और मीसो की तरफ से जनरल काउंसिल लोपमुद्रा राव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत ऑनलाइन ट्रांजेक्शंस की सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक मुद्दों पर पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स एवं स्टेकहोल्डर्स की ट्रेनिंग के जरिए जन जागरूकता की दिशा में कार्य किया जाएगा। इससे लोगों में सतर्कता और सजगता के साथ सुरक्षित डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए माहौल तैयार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 'मीसो' पूर्व में कर्नाटक पुलिस के साथ भी इस क्षेत्र में कार्य कर चुकी है। अब यह राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर कार्य करेंगी। जहां इस ई-कॉमर्स कंपनी के बड़ी संख्या में कस्टमर्स भी है।



**सुरक्षित हो डिजिटल लेनदेन:** महानिदेशक साइबर क्राइम, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ऑनलाइन लेनदेन की दुनिया में लोगों को भ्रमित करके धोखाधड़ी के कई नए तरीके प्रकाश में आ रहे हैं। ऐसे में इस अनुबंध के तहत लोगों में जागरूकता के जरिए सुरक्षित डिजिटल लेनेदेन का वातावरण बनाने के लिए राजस्थान पुलिस के विशेषज्ञ और ई-कॉमर्स कम्पनी मीसो के एक्सपर्ट्स साझेदारी में कार्य करेंगे। इसके तहत राजस्थान पुलिस के फेसबुक पेज, एक्स हैंडिल और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संयुक्त कैंपेन चलाकर डिजिटल लिटरेसी और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए लोगों को जिम्मेदार बनाया जाएगा। दोनो पक्ष मिलकर इस क्षेत्र में इनोवेशन, नए ट्रेंड्स और चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य करेंगे।

### BCCI ने जारी की सालाना प्लेयर रिटेनरशिप

# अय्यर और ईशान आउट, रिंकू-तिलक की चमके

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा कर दी है। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन का पत्ता कट गया है। बताया जा रहा है कि दोनों खिलाड़ियों के रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलने से बीसीसीआई नाराज था। सालाना प्लेयर रिटेनरशिप 2023-24 में 30 खिलाड़ियों को चार कैटेगरी (ए प्लस, ए, बी, सी) में बांटा गया है। यह कॉन्ट्रैक्ट एक अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक के लिए है। पिछले साल इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले बल्लेबाज रिंकू सिंह, लिक वर्मा, रजत पाटीदार और तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की किस्मत चमकी है।

#### किस ग्रेड में कौन शामिल

**ए प्लस** में सिर्फ चार खिलाड़ी हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, धाकड़ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ए प्लस का हिस्सा हैं।

**ग्रेड ए** में छह प्लेयर हैं, जिसमें दिग्गज स्पिनर आर अश्विन, पेसर मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, बल्लेबाज केएल राहुल, शुभमन गिल और स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का नाम है। सिराज, गिल और राहुल का प्रमोशन हुआ है। तीनों खिलाड़ी ग्रेड बी से ग्रेड ए में आए हैं।

**ग्रेड बी** में पांच खिलाड़ी हैं- सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जयसवाल। अक्षर और पंत ग्रेड ए से बी में खिसके हैं।

**ग्रेड सी** में सर्वाधिक 15 खिलाड़ियों को रखा गया है। इसमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, अवेश खान और रजत पाटीदार हैं।

**बता दें कि ग्रेड ए खिलाड़ियों को सालाना सात करोड़, जबकि ग्रेड ए प्लेयर्स को तीन करोड़, ग्रेड बी प्लेयर्स को पांच करोड़ रुपए मिलते हैं। ग्रेड सी खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए दिए जाते हैं।**

### निर्माण कार्य पूरा होते ही आने का वादा निभाया

# अभिनेता अक्षय पहुंचे वनवासी छात्रावास

**बेधड़क** | उदयपुर

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार बुधवार को उदयपुर में खेरवाड़ा स्थित वनवासी कल्याण परिषद द्वारा जनजाति बच्चों के लिए बनाए गए छात्रावास पहुंचे। इस छात्रावास के निर्माण के लिए अक्षय कुमार ने सहयोग प्रदान किया था। छात्रावास पूर्ण होने तथा संचालन शुरू होने पर अपने वादे के अनुसार वे आए और बच्चों से मिले। वहां उन्होंने बच्चों के साथ आरती भी की और बच्चों की नोटबुक्स भी देखीं।

राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष जगदीश जोशी ने बताया कि खेरवाड़ा के खोखादरा में वनवासी कल्याण पारिषद द्वारा बनाए गए हरिओम छात्रावास के निर्माण में अक्षय कुमार ने एक करोड़ रुपये का सहयोग प्रदान किया था। उन्होंने वहां पहुंचकर बच्चें के साथ पूजा-अर्चना-आरती की। अक्षय कुमार को अपने बीच पाकर बच्चे गद्गद् हो उठे। बच्चें ने अक्षय कुमार के साथ फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान अक्षय कुमार ने छात्रावास की गतिविधियों की जानकारी ली।



### जयपुर: 236 आरपीएस अफसरों के तबादले

# रानू उत्तर-प्रथम, चौधरी पूर्व, पाठक पश्चिम और बजरंग उत्तर के एडि.डीसीपी

- BJP के सत्ता में आने के बाद यह तबादलों की सबसे लंबी सूची
- 53 को जिले में एडिशनल एसपी लगाया, जयपुर कमिश्नरेट में 18
- 65 डिप्टी एसपी से एडिशनल एसपी बने अफसरों की भी हुई पोस्टिंग

**बेधड़क** | जयपुर

गृह विभाग ने देर रात को प्रदेश में तैनात 236 एडिशनल एसपी रैंक के अधिकारियों तबादले कर दिए। भाजपा के सत्ता में आने के बाद यह तबादलों की सबसे लंबी सूची जारी हुई है। 53 एडिशनल एसपी अफसरों को जिले में कानून व्यवस्था संभालने के साथ में क्राइम कंट्रोल करने के लिए जिलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर लगाया है।

गृह विभाग द्वारा जारी की गई सूची में 18 एएसपी रैंक के अफसरों को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में एडिशनल डीसीपी के पद पर लगाया है। इनमें चार अफसरों को जिले में और अन्य को अलग-अलग ब्रांचों में लगाया है। जयपुर कमिश्नरेट में दूसरी दफा जिले में एडिशनल डीसीपी के पद पर रानू शर्मा को लगाया है। रानू शर्मा को एडिशनल डीसीपी उत्तर प्रथम लगाया है, जबकि पूर्व में एडिशनल डीसीपी के पद पर तैनात सुमन चौधरी को हटाकर उनकी जगह एडिशनल डीसीपी के पद पर आशाराम चौधरी को लगाया है। एडिशनल डीसीपी पश्चिम के पद पर नीरज पाठक और एडिशनल डीसीपी उत्तर के पद पर बजरंग सिंह को लगाया है। इससे पहले एडिशनल डीसीपी के पद पर समीर कुमार दुबे को लगाया था, लेकिन उन्होंने अभी तक जॉइन नहीं किया था। समीर कुमार दुबे को जयपुर कमिश्नरेट में ही एडिशनल डीसीपी क्राइम के पद पर लगाया है, जबकि आलोक कुमार शर्मा को एडिशनल डीसीपी इंटेलीजेंस व सुरक्षा जयपुर कमिश्नरेट के पद पर लगाया है। जारी हुई सूची में हाल ही में डिप्टी एसपी से एडिशनल एसपी बने 65 अधिकारियों की भी पोस्टिंग कर दी गई।



#### ट्रैफिक में दोनों अफसर बदले

जयपुर कमिश्नरेट में एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक के पर तैनात दोनों अफसर बदल गए हैं। सरकार ने श्रीमनलाल मीणा को ट्रैफिक दक्षिण व राजवीर सिंह को एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक उत्तर लगाया है, जबकि शिल्पा चौधरी को मुख्यालय, देवेन्द्र सिंह राजावत को मुख्यालय-उत्तर जयपुर कमिश्नरेट, प्रेमदान रतनू को मुख्यालय दक्षिण, मंजीत सिंह को थेट्ट व बर्गलरी, पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी को लाइसेंसिंग, सीताराम प्रजापत व गिरधारी लाल ढाका को अभय कमांड सेंटर, राय सिंह बेनीवाल को परामर्श व सहायता केन्द्र, झाबरमल यादव को लीव रिजर्व, रणवीर सिंह मीणा को एडिशनल डीसीपी प्रोटोकॉल-जयपुर कमिश्नरेट और नवाब खां को पुलिस लाइन जयपुर कमिश्नरेट के पद पर लगाया है।

**विवादों में रहने वाले विपिन शर्मा को भेजा पाली:** एडिशनल एसपी विपिन शर्मा को भिवाड़ी से जयपुर कमिश्नरेट दक्षिण लगाया था, लेकिन आदेश के अगले दिन ही चर्चित बदमाश मोनू मानेसर के साथ उनकी फोटो वायरल हो गई थी। इस पर सरकार ने शर्मा को जॉइन करने से पहले एपीओ कर दिया था। इसके कुछ माह बाद उनको इंटेलीजेंस व सुरक्षा में लगाया था। अब शर्मा को पाली लगाया है, जहां वे पहले भी रह चुके हैं।

**जरूरी खबर**

### कर्मचारियों ने किया मांगों को लेकर प्रदर्शन



**बेधड़क.जयपुर।** प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के बैनर तले बुधवार को जलदाय कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जलभवन में हल्ला बोल नाम से विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद कर्मचारियों ने मुख्य अभियन्ता प्रशासन कार्यालय में ज्ञापन दिया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने जोरदार नारेबाजी की। कर्मचारी काफी समय तक धरने पर बैठ गए। बाद में अधिकारियों ने मांगें सुनकर आश्ववासन का भरोसा दिया। इसके बाद कर्मचारी मौके से रवाना हुए।

### संस्कृत संगोष्ठी में विद्वानों ने किया विचार मंथन

**बेधड़क.जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में धर्मशास्त्र विद्या शाखा की ओर से 'आधुनिकहिन्दुविधौ धर्मशास्त्रस्य प्रभावः' विषय पर बुधवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ। इसमें विश्वविद्यालय निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा कहा कि धर्म ही आधुनिक हिन्दू विधि का मूल आधार है। संगोष्ठी के मुख्यातिथि पूर्व निदेशक प्रो. भगवती सुदेश ने कहा शास्त्रों द्वारा प्रदत न्याय व्यवस्था आज भी मर्यादित और सुनियोजित मानी जाती है। धर्मशास्त्र में 18 विवादों का वर्णन मिलता है। संगोष्ठी संयोजिका प्रो. कृष्णा शर्मा ने हिन्दू विधि के पुरातन एवं नवीन स्वरूप पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में प्रो.वाई, एस. रमेश, प्रो. विष्णुकांत पांडेय, डॉ. रानी दाधीच, डॉ. विनी शर्मा एवं छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

### विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने को किया प्रेरित



**बेधड़क.जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि आज देश विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। इस क्षेत्र में नए लोगों के लिए अपार संभावना है। वे इसमें करियर बनाने के साथ ही देश सेवा से भी जुड़ सकते हैं। कटेजा बुधवार को विज्ञान दिवस के मौके पर सर सी. वी. रमन छात्रावास में शोधार्थियों से संवाद कर रहीं थीं। इस दौरान उन्होंने छात्रों की प्रत्येक समस्या को गौर से सुनी और समाधान बताया। उन्होंने छात्रों को विश्वविधालय में व्याख्यान श्रृंखला शुरू करने के लिए भी प्रेरित किया और इसमें हर संभव सहयोग देने की बात कही।

---

**सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पत्नी ने कहा- 80 दिन बाद भी सरकार ने पूरे नहीं किए वादे, नहीं मिली कोई सहायता**

# अल्टीमेटम: 3 मार्च तक मांगे पूरी हों, नहीं तो घेरेंगे सीएमआर

**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष दिवंगत सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पत्नी शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी बुधवार को मीडिया के सामने आईं।

उन्होंने कहा कि घटना के बाद सरकार के सामने 11 सूत्री मांगें रखी थी। इसमें से सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड की एनआईए से जांच और सुरक्षा की मांग उसी समय मान ली गई थी, लेकिन इतने बड़े हत्याकांड के 80 दिन बाद भी हमें इंसाफ नहीं मिला है। सरकार ने जो वादे किए वो आज तक पूरे नहीं किए। मेरे परिवार को आज तक सरकारी नौकरी और मुआवजा नहीं मिला है। एनआईए की ओर से अभी 90 दिन का समय कोर्ट में और मांगा गया है, क्या इन अगले 90 दिन में गोगामेड़ी के हत्यारों को सजा मिल जाएगी? शीला सुखदेव गोगामेड़ी पिंकी सिटी प्रेस क्लब में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं।



उन्होंने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के बाद सर्व समाज में आक्रोश पैदा हो गया था, जिसे वर्तमान भाजपा सरकार के प्रतिनिधियों ने बखूबी संभाल लिया। संघर्ष समिति की ओर से रखी गई सभी मांगों को भी स्वीकार करके लिखित वादा पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने किया था। इसके बावजूद परिवार को सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं दी गई। ऐसे में उन्हीं मांगों के लिए परिवार को यह साफ नहीं हो पा रहा है कि वो न्याय की गुहार लेकर कहां जाएं।

शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने कहा कि यदि 3 मार्च तक सरकार मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई तो श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना एक बार फिर सड़कों पर उतरेगी। प्रेस वार्ता में श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के बैनर का प्रयोग किया गया। इस दौरान गोगामेड़ी के अन्य परिजन भी मौजूद रहे।

#### मुख्यमंत्री आवास तक निकालेंगे पैदल मार्च

शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने कहा कि यदि 3 मार्च तक सरकार मांगों पर कोई सकारात्मक पहल करते हुए निश्चित समय सीमा तय नहीं करती है तो श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना एक बार फिर सड़कों पर आएगी। सर्व समाज को साथ लेकर गोगामेड़ी पैतृक आवास से मुख्यमंत्री आवास तक एक पैदल न्याय यात्रा निकाली जाएगी। इसके माध्यम से सरकार और उनके प्रतिनिधियों को याद दिलवाएंगे कि सरकार ने गोगामेड़ी और अजित राजावत परिवार को लिखित में उनका हक देने का वादा किया था, वह पूरा नहीं हो सका है।

#### करणी सेना की ये हैं मांगें

श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने सरकार के सामने जो मांगे रखी है, उनमें गोगामेड़ी और अजित राजावत परिवार को आर्थिक सहायता और आश्रित को सरकारी नौकरी का तुरन्त प्रभाव से प्रावधान निकाला जाए। एनआईए की जांच की दिशा स्पस्ट की जाए, गोगामेड़ी और अजित राजावत परिवार की सुरक्षा के लिए हथियारों के लाइसेंस की अनुमति दी जाए। विशेष जांच समिति का गठन किया जाए और चश्मदीद गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए है। गोगोमेडी की पत्नी ने कहा कि कुछ अन्य लोगो की ओर से सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में न्याय के नाम पर समाज और प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है। उससे गोगामेड़ी परिवार और समर्थकों का कोई लेना-देना नहीं है, वो जांच की दिशा को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। गोगामेड़ी परिवार व अजीत राजावत परिवार न्याय चाहता है।

---

**अवैध कनेक्शन हटाने व सुचारू जल सप्लाई के दिए निर्देश**

# गर्मी की आहट... पेयजल को लेकर प्रदेश सरकार एक्शन में

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में गर्मी की आहट के साथ ही जलदाय विभाग ने पर्याप्त जलापूर्ति को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत बुधवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जिला कलेक्टर सभागार जोधपुर में संभाग के अधिशासी अभियंता स्तर के अधिकारियों की बैठक ली।

इसमें उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में आमजन तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग के सभी अधिकारी पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर आमजन को राहत दिलाए।

उन्होंने कहा कि हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यो को पूर्ण करने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त समय दिया है। अब ये कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करवाएं अन्यथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जलदाय मंत्री ने अवैध कनेक्शनों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर की। मंत्री ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी अभियान चलाकर जांच करवाएं और अवैध कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से हटाए। उन्होंने कहा कि पानी की चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### अंतिम छोर तक पानी पहुंचे, छीजत रोकें

जलदाय मंत्री चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने के लिए पानी की छीजत रोकने पर विशेष ध्यान दें, साथ ही आवश्यकतानुसार परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजें। राज्य सरकार उन पर गुणावगुण के आधार पर निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि बड़ी जल परियोजनाओं के साथ ही क्षेत्रीय जल प्रदाय योजनाओं पर भी अधिकारी गंभीरता से ध्यान दें ताकि हर क्षेत्र में सुचारू जलापूति हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जलदाय विभाग से संबंधित निविदाओं एवं कार्यो में पूरी पारदर्शिता बरती जाए।



#### अधूरा कार्य करने वाली फर्मों पर करें कार्रवाई

जलदाय मंत्री ने निविदा के बाद अधूरा कार्य छोड़ने वाली कॉन्ट्रेक्ट फर्मो पर की जांच कर इनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने और शर्तो के अनुरूप कार्य नहीं करने पर पेनल्टी लगाने को कहा। बैठक में विधायक जोधपुर शहर अतुल भंसाली, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी, विधायक मारवाड़ जंक्शन केसाराम चौधरी, विधायक बाड़मेर प्रियंका चौधरी, जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, जेडीए के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डॉ. महेंद्र राठौड़ ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित पेयजल व्यवस्था और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। संभागीय आयुक्त श्री बी.एल. मेहरा ने कहा कि विभागीय अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर गहन निरीक्षण कर समय पर कार्य करने की प्रवृत्ति अपनाएं। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के कार्यो को गुणवत्ता के साथ करने व गति देने के निर्देश दिए।

#### पेयजल व्यवस्था को लेकर पेश की रिपोर्ट

मुख्य अभियंता नीरज माथुर ने बैठक में विभागीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि जोधपुर एवं नवसृजित पाली संभाग के कुल 7139 गांवो एवं 31 शहरों में विभाग द्वारा भूजल एवं सतही स्रोतों के माध्यम से पेयजल व्यवस्था संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन के कार्य, क्षेत्रीय जल प्रदाय योजनाएं, नलकूप आधारित जनता जल योजना के कार्य, शहरी जल प्रदाय योजनाएं तथा हैण्डपम्प योजनाएं शामिल है। संभाग के अधिकांश क्षेत्र में भूजल की कमी अथवा गुणवत्ता की समस्या के कारण सतही स्रोतों पर आधारित योजनाएं बनाई गई है। मुख्य स्रोत इंदिरा गांधी नहर, नर्मदा नहर एवं जवाई बांध से संबंधित जानकारी प्रदान की।

---

**आईसीयू में महिला मरीज से रेप मामला**

# बिना योग्यता के नर्सिंग हेल्पर का काम रहा था आरोपी

- जांच कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

**बेधड़क | जयपुर**

अलवर के एक निजी अस्पताल में नर्सिंगकर्मी द्वारा बेहोशी का इंजेक्शन देकर महिला से दुष्कर्म करने के मामले में राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर ने हरीश हॉस्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही, प्रदेश के सभी निजी चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ की सूचना मांगी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने दुष्कर्म मामले की जानकारी मिलते ही एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे।

राजस्थान नर्सिंग कौंसिल ने चिकित्सा मंत्री के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से कमेटी का गठन किया। जांच कमेटी ने बुधवार को ही मामले की जांच-पड़ताल कर अपनी रिपोर्ट दे दी है। रिपोर्ट के अनुसार आरोपित चिराग यादव हरीश हॉस्पिटल में नर्सिंग हेल्पर के रूप में कार्य कर रहा था। जांच में पाया गया कि वह अलवर के स्कूल ऑफ नर्सिंग हरीश हॉस्पिटल में जीएएनएम सत्र 2018-19 का छात्र है और बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित चल रहा था। चिराग यादव नर्सिंग कौंसिल द्वारा रजिस्टर्ड नर्स भी नहीं है। जांच में यह तथ्य सामने आने के बाद नर्सिंग कौंसिल ने हरीश अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि बिना पंजीयन के और अयोग्य होते हुए अस्पताल में चिराग यादव का नियोजन किस आधार पर किया गया। साथ ही, नर्सिंग कौंसिल के निर्देशों पर चिराग यादव को स्कूल ऑफ नर्सिंग हरीश हॉस्पिटल से भी निष्कासित कर दिया गया है।

वहीं इस मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शुभ्रा सिंह के निर्देश पर राजस्थान नर्सिंग कौंसिल ने प्रदेश के सभी निजी चिकित्सा संस्थानों को पत्र जारी कर संस्थान में कार्यरत समस्त नर्सिंग स्टाफ की पात्रता, नर्सिंग कौंसिल में पंजीयन सहित अन्य सूचनाएं मांगी हैं। साथ ही, निदेशक जनस्वास्थ्य, डॉ. रविप्रकाश माथुर ने अलवर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उक्त प्रकरण में कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने अस्पताल में कार्यरत कार्मिक की योग्यता को लेकर एवं अन्य अनियमितताएं पाये जाने पर क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट-रूल्स के तहत पंजीकरण निरस्त करने के भी निर्देश दिए हैं।

---

**पोस्ट मास्टर जनरल ने की राज्यपाल से मुलाकात**

# मिश्र को डाक टिकटों का सेट भेंट

**बेधड़क | जयपुर**

राज्यपाल कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में राजस्थान वृत्त के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल मिश्र को श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर जारी स्मारक डाक टिकटों का सेट और दुनिया के विभिन्न देशों में भगवान श्री राम पर जारी डाक टिकटों से जुड़ी यात्रा की पुस्तक भेंट की। राज्यपाल ने स्मारक डाक टिकट के अंतर्गत श्रीरामजन्म भूमि मंदिर और वहां पर उत्कीर्ण श्री गणेश, हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी के जारी 6 डाक टिकट सेट की सराहना की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, कंबोडिया, कनाडा, फीजी, इंडोनेशिया, नेपाल, श्रीलंका, न्यूजीलैण्ड, थाइलैंड, यूएन, अमेरिका, सिंगापुर जैसे विश्व के 20 से अधिक देशों द्वारा रामायण से जुड़े चरित्रों और कथानकों पर समय-समय पर जारी डाक टिकटों की यात्रा से जुड़ी पुस्तक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राम-मय जीवन और संस्कृति की गौरव गाथा है। उल्लेखनीय है कि डाक विभाग द्वारा जारी श्रीराम जन्म भूमि स्मारक डाक टिकट और इस पुस्तक का कुछ समय पूर्व ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकार्पण किया था।



---


**रंग लाए सांसद सीपी जोशी के प्रयास, आमजन में खुशी की लहर**

# नई रेल लाइन के लिए होगा सर्वे, 5 करोड़ मंजूर

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी ने अपने लोकसभा क्षेत्र चित्तौडगढ़ की जनता को एक और तोहफा दिया है।

नीमच-सिंगोली-बेगूं-रावतभाटा-कोटा के बीच नई रेलवे लाईन के लिए अंतिम स्थान सर्वे को रेल मंत्रालय ने मंजूरी दी है। इसके लिए सीपी जोशी ने पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। जोशी ने कहा कि नीमच-सिंगोली-बेगूं-रावतभाटा-कोटा के बीच 201.30 किलोमीटर की नई रेल लाइन के अंतिम स्थान सर्वेक्षण के लिए 5 करोड़, 3 लाख, 25 हजार रुपए रेल मंत्रालय ने स्वीकृत किए हैं। नई रेल लाइन बनने के बाद कोटा से नीमच की दूरी में काफी कमी आएगी। क्षेत्र के सबसे बडे कस्बे बेगूं को रेल लाइन का लाभ मिलेगा। साथ ही एशिया के सबसे बडे परमाणु बिजलीघर रावतभाटा होने व पत्थरों व वाणिज्यिक कृषि उपजों की बहुलता होने से व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी। गौरतलब है कि सांसद सीपी जोशी इस कार्य के लिए लगातार प्रयासरत रहें हैं।



उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर और पत्राचार के माध्यम से कई बार अनुरोध किया था, जिसके परिणामस्वरूप चित्तौडगढ़ की जनता को यह सौगात मिली है। इससे क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है।

---

**दिन में धूप की चुभन-रात में ठंडी हवा का जोर**

# बदलेगा मौसम: 23 जिलों में ओला वृष्टि की चेतावनी

**बेधड़क | जयपुर**

फिलहाल राज्य में मौसम शांत है, लेकिन जल्द ही मौसम एक फिर से करवट बदलेगा। मौसम विभाग ने राजधानी सहित प्रदेश के 23 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। इसमें 5 जिलों के लिए ऑरेंज और 18 जिलों के लिए येलो अलर्ट बताया गया है।

वहीं बारिश-ओलावृष्टि के चलते उत्तरी सर्द हवा से राजस्थान में रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। सीकर, चूरू, झुंझुनूं में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे उतर गया। उत्तरी हवा चलने से राज्य के अधिकांश शहरों में गलन और ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक, राज्य में गुरुवार को मौसम साफ रहने की संभावना है। गुरुवार की शाम से पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, जैसलमेर के एरिया में एक बार फिर मौसम बदल सकता है। आंधी-बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होगा।



मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस सिस्टम की तीव्रता को देखते हुए हमने एग्रीकल्चर से जुड़ी संस्थाओं, किसानों और प्रशासन को अलर्ट जारी करते हुए अनाज और जिंसों की सुरक्षा के इंतजाम करने के लिए कहा है।

बारिश और आंधी से कटी फसलों और मंडियों में खुले में रखा अनाज खराब हो सकता है। इसे जल्द से जल्द किसी सुरक्षित एरिया में रखने की सलाह दी है।

#### सुबह-शाम ठंडी हवा का असर

राजधानी जयपुर और उसके आस-पास के जिलों में भी सर्दी तेज हो गई। दो दिन से चल रही उत्तरी हवा से यहां सुबह-शाम गलन हो गई। न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 12.8 पर आ गया। जयपुर में पिछले एक सप्ताह में पारा 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। 20 फरवरी को जयपुर में न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री था।

#### इन जिलों में बारिश व ओलावृष्टि की संभावना

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार 1 मार्च को बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और झुंझुनूं के लिए ऑरेंज अलर्ट रहेगा। इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। वहीं तेज बारिश होने और कहीं-कहीं ओले गिरने आशंका है। मौसम केंद्र ने जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, सीकर, जयपुर, अजमेर, पाली, भीलवाड़ा, राजसमंद, टोंक, दौसा, अलवर, सवाई माधोपुर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, बूंदी और राजसमंद के लिए 1 मार्च को येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में आंधी-बारिश होने के साथ कहीं-कहीं ओलावृष्टि की आशंका है। 2 मार्च के लिए गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, अलवर, जयपुर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक, बूंदी के अलावा कोटा, बारां और झालावाड़ जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

---

**भाजपा किसान मोर्चा की बैठक आयोजित**

# 'ग्राम परिक्रमा' को राज्य में बनाएं सफल: चौधरी

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा किसान मोर्चा के नव-नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई।

बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा ने भी शिरकत की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा कर रूप-रेखा तैयार की गई। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा ने मोर्चा के सभी नव-नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी को आगामी लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों में जुड़ना होगा एवं अधिक से अधिक लोगों को नमो ऐप डाउनलोड करवाकर कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी ने बैठक में कहा कि भाजपा किसान मोर्चा की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम 'ग्राम परिक्रमा यात्रा'को पूरे प्रदेशभर में प्रभावी रूप से किया जाएगा, जिसमें मोर्चा के समस्त प्रदेश पदाधिकारियों को मजबूती के साथ लग कर 'ग्राम परिक्रमा यात्रा'कार्यक्रम को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के काम जनता तक पहुंचाएं।

## जरूरी खबर

### ‘शक्ति वंदन’ समृद्ध समाज की ओर एक कदम



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की ओर से जवाहर कला केन्द्र में 2 से 4 मार्च तक शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को कई महिला संगठनों एवं लेडीज क्लबों ने महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर से मुलाकात की। इस मौके पर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि यह आयोजन महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त कर समृद्ध समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम के तहत प्रदर्शनी एवं टॉक शो का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी में 9 सेगमेन्ट होंगे। इसके साथ ही शिल्प ग्राम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की 300 स्टॉल लगाई जाएंगी। इसमें महिलाओं के उत्पाद महिलाओं द्वारा ही बेचे जाएंगे।

### प्रियदर्शिनी को मिलेगा बिस्मिल्लाह खां युवा अवॉर्ड

**जयपुर।** जयपुर की युवा रंगकर्मी प्रियदर्शिनी मिश्रा को थिएटर में राइटिंग के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा अवॉर्ड दिया जाएगा। प्रियदर्शनी मिश्रा कई नाटकों में अभिनय के साथ राइटिंग भी कर चुकी है। इसके अलावा चिल्ड्रन थिएटर में अपनी एक अलग पहचान रखती हैं। प्रियदर्शनी का टॉक शो बतियन की गली जयपुर में अपनी खास पहचान रखता है। यहां वे प्रदेश के नामचीन कलाकारों के साथ बात करती हैं और उनके जीवन के पन्नों को खोलती हैं। गौरतलब है कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार, प्रदर्शन कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार संगीत नाटक अकादमी की ओर से दिया जाता है। यह पुरस्कार 40 साल से कम उम्र के कलाकारों को दिया जाता है। यह पुरस्कार 2006 में शुरू किया गया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## अपनी ही सरकार के विरोध में सड़कों पर उतरी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

# सिर्फ राज बदला, हालात नहीं...अपराधी वैसे ही बेलगाम

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में बढ़ते अपराध और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बुधवार को अपनी ही सरकार के विरोध में सड़कों पर उतरी। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा ने अपने मेनिफेस्टो में अपराधियों पर लगाम लगाने का वादा किया था, लेकिन ढाई महीने बाद भी हालात नहीं बदले हैं। पूर्व कांग्रेस सरकार के वक्त राजस्थान में अपराधों को लेकर जो हालात थे। आज सरकार बदलने के बाद भी हालात वैसे के वैसे ही हैं। प्रदेश में बदमाश बेखौफ होकर महिलाओं के साथ रेप और हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। राजस्थान में ऐसा कोई जिला नहीं बचा है, जहां महिला हिंसा और रेप जैसे घटना नहीं हो रही हो। ऐसे में जल्द से जल्द सरकार ने बढ़ते अपराधों पर अंकुश नहीं लगाया तो एबीवीपी सरकार के खिलाफ प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी।



फोटो: पंकज शर्मा

### अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं

राजस्थान यूनिवर्सिटी में एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने बताया कि राजस्थान में राज भले ही बदल गया है, लेकिन अपराधों पर अंकुश नहीं लग पाया है। बीजेपी राज में हॉस्पिटल में महिलाओं के साथ रेप की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। बीकानेर में खुलेआम स्कूल से घर जाती लड़की के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया जाता है। इसके साथ ही कोटपूतली और अलवर जैसी तमाम घटनाओं से साफ जाहिर होता है कि राजस्थान में अपराधियों में पुलिस और सरकार का खौफ नहीं है।

### जनता घरों में दुबकने को मजबूर

एबीवीपी की महानगर मंत्री ट्विंकल शर्मा ने बताया कि एबीवीपी ने कांग्रेस राज में जो न्याय यात्रा निकाली थी। उसमें महिला हिंसा और रेप पर अंकुश लगाने की प्रमुख मांग थी। आज सरकार बदलने के बाद भी राजस्थान में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। रेप की घटनाओं को बदमाश बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। एबीवीपी राजस्थान यूनिवर्सिटी की इकाई मंत्री मनु दाधीच ने कहा कि राजस्थान में सरकार नई है, लेकिन व्यवस्था वही है, जिसकी वजह से हालात बद से बदतर स्थिति में पहुंच रहे हैं। इसको रोकने के लिए सबसे पहले व्यवस्था में परिवर्तन की जरूरत है।

### ज्यादातर कार्यकताओं ने बनाई दूरी

बता दें कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा राजस्थान सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया था। ऐसे में बीजेपी के खिलाफ होने वाले प्रदर्शन की जानकारी जैसे ही एबीवीपी कार्यकर्ताओं को मिली तो बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन से दूरी बना ली। हालांकि, इसके बावजूद राजस्थान यूनिवर्सिटी से जुड़े कार्यकर्ता प्रदर्शन करने पहुंचे।

## बजट बिना चर्चा के भेज देने से नाराज पार्षदों ने खोला मोर्चा, बोले...

# हेरिटेज की मेयर तानाशाह, नगर निगम में मचा रखा है भ्रष्टाचार

बेधड़क | जयपुर

बजट को बिना चर्चा के ही सरकार के पास भेज देने को लेकर पार्षदों की नाराजगी अब खुलकर सामने आ गई है। इसको लेकर कांग्रेस और बीजेपी के पार्षदों ने बुधवार को निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा से मिलकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब 6 मार्च को नगर निगम की साधारण सभा की बैठक होने वाली थी तो फिर बजट को बिना चर्चा के ही सरकार के पास क्यों भेजा गया। गौरतलब है कि जयपुर नगर निगम हेरिटेज में 3 साल के लंबे इंतजार के बाद 6 मार्च को साधारण सभा की दूसरी बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में लगभग 7 एजेंडो पर चर्चा की जाएगी, लेकिन इससे पहले ही कांग्रेस और बीजेपी के पार्षदों ने मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

### लगातार बढ़ रही शिकायतें: यादव

भाजपा पार्षद कुसुम यादव ने कहा कि जयपुर नगर निगम में मेयर मुनेश गुर्जर ने जमकर भ्रष्टाचार मचा रखा है। बिना साधारण सभा की बैठक के उन्होंने बजट को सरकार को भेज दिया, जबकि 6 मार्च को साधारण सभा की बैठक प्रस्तावित थी। ऐसे में पार्षदों से चर्चा कर बजट सरकार के पास भेजा जाना चाहिए था, लेकिन बिना पार्षदों की चर्चा के उन्होंने एक बार फिर तानाशाही रवैया अपनाते हुए बजट सरकार को भेजा है। कुसुम यादव ने कहा कि पूर्व में भी उनके पति रिश्वत के मामले में रंगे हाथों पकड़े जा चुके हैं। बावजूद इसके वह भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि मेयर मुनेश गुर्जर ने जयपुर में हालात बद से बदतर स्थिति में ला दिया है। उनकी वजह से विकास अटक गया है।

### ■ 6 मार्च को होगी हेरिटेज निगम की साधारण सभा की बैठक



#### 1130 करोड़ का होगा बजट

जयपुर नगर निगम हेरिटेज ने लगातार तीसरी बार बिना बोर्ड बैठक के सालाना बजट सरकार को भेज दिया है। साल 2024-25 नगर निगम हेरिटेज द्वारा शहर के विकास और मूल कार्यों पर 1130 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया गया है। इसे सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा।

### इस बोर्ड को भंग कर देना चाहिए

कांग्रेस पार्षद दशरथ सिंह ने कहा कि जब से बोर्ड इलेक्ट हुआ है, तब से एक बार साधारण सभा की बैठक हुई है। कभी किसी पार्षद से प्रस्ताव नहीं लिया गया, इससे बेहतर तो इस बोर्ड को भंग कर देना चाहिए। कांग्रेस पार्षद ज्योति चौहान ने कहा कि 2022-23 में 879 करोड़ और फिर 2023-24 में 1082 करोड़ का बजट भी सीधे सरकार को भेजा गया था. इस बार भी इसी तरह बजट सीधे सरकार को भेज दिया।

### फरवरी 2021 में एक बार हुई थी बैठक

दरअसल, नगर निगम हेरिटेज के बोर्ड गठन के बाद सिर्फ एक बार फरवरी 2021 में पहली बार नगर निगम हेरिटेज की साधारण सभा हुई। इसमें साल 2021-2022 का 784 करोड़ रुपए का बजट पारित हुआ था। इसके बाद से मेयर मुनेश गुर्जर ने कोविड और विधानसभा-लोकसभा सत्र का हवाला देकर एक भी बार भी बोर्ड बैठक नहीं बुलाई। साल 2022-2023 में 879 करोड़ रुपए का बजट और साल 2023-2024 में 1082 करोड़ रुपए का बजट सरकार को भेजा गया था। नियमों के मुताबिक एक साल में 6 बोर्ड की बैठक होना जरूरी है। ऐसे में नियमों के तहत अब तक 18 बैठक का आयोजन होना चाहिए था, लेकिन तीन साल में 18 की जगह सिर्फ एक साधारण सभा की बैठक ही आयोजित हुई है।

## हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़, 8 गिरफ्तार

# महिलाएं अश्लील हरकतें करतीं...आदमी डराते और पैसे छीन लेते



बेधड़क | जयपुर

बगरू थाना पुलिस ने हनीट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 5 महिलाओं सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों से 3 बाइक और 1 मोबाइल जब्त किया है। गिरफ्तार गैंग के लोग ड्राइवरों को अपना निशाना बनाते थे। वे मुख्य सड़क पर खड़े वाहनों ड्राइवरों से मेलजोल बढ़ाने और उन्हें अपने साथ ले जाते जहां पर पहले महिलाएं उनके साथ अश्लील हरकतें करती थी। इसी दौरान गैंग के अन्य सदस्य आकर ड्राइवर के साथ मारपीट करते और पुलिस में शिकायत देने की धमकी देते थे।

इस पर पीड़ित उनको पैसा देकर वहां से निकल जाता था। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने महेंद्र बावरिया (28) निवासी झाबड़ा बाबा की ढाणी शिवदासपुरा, सुनीता देवी (22) निवासी बीलवा कला शिवदासपुरा, महादेव बावरिया (45) निवासी प्रागपुरा (कोटपूतली), चम्पा देवी (40) निवासी लाडा का बास प्रागपुरा (कोटपूतली), सोनू (20) निवासी प्रागपुरा (कोटपूतली), कमली देवी (20) निवासी निवाई जिला टोंक, सीताराम बावरिया (30) निवासी निवाई (टोंक) और मेवा बावरिया (21) निवासी निवाई (टोंक) को गिरफ्तार किया है।

आरोपितों के पास मिले मोबाइल से पीड़ित की फोटो लेकर मोबाइल को जब्त किया गया है। बदमाशों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

## सीनियर महिला नर्सिंग ऑफिसर ने दर्ज कराई शिकायत

# अस्पताल अधीक्षक कर रहे हैं प्रताड़ित

बेधड़क | जयपुर

जयपुरिया हॉस्पिटल के अधीक्षक पर प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है। हॉस्पिटल की सीनियर महिला नर्सिंग ऑफिसर ने हॉस्पिटल के ही अपराजिता केंद्र में इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री और हेल्थ मिनिस्टर को लेटर लिखकर न्याय दिलाने की मांग की है।

नर्सिंग ऑफिसर ने आरोप लगाया कि अधीक्षक डॉ. महेश मंगल उन्हें और उनके पति को पिछले डेढ़ साल से प्रताड़ित कर रहे हैं और हॉस्पिटल परिसर स्थित क्वार्टर खाली करके दूसरी जगह जाने के लिए धमका रहे हैं।

जब इसकी अपराजिता केंद्र में शिकायत दर्ज करवाई तो कुछ ही घंटे बाद उनके पति और हॉस्पिटल में नेत्र सहायक को एपीओ करके निदेशालय के लिए रिलीव कर दिया। नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि डॉक्टर ने अपने सहयोगी डॉ. दीपेन्द्र गर्ग के जरिए उनके बेटे को धमकाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि 27 फरवरी को डॉक्टर उनके घर (क्वार्टर) पर पहुंचे और वहां उनके बेटे को धमकाया कि अगर उनके माता-पिता ने क्वार्टर खाली नहीं किया तो उनको नौकरी करना सिखा देंगे।

गौरतलब है कि हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर महेश मंगल के खिलाफ प्रताड़ित करने की शिकायत का ये पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कुछ पैरा मेडिकल स्टाफ और जनरल स्टाफ (सफाई कर्मचारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर) भी आरोपी हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर के खिलाफ प्रताड़ित करने की शिकायत कर चुके हैं।

## नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ का अभिनंदन

# ‘गोविंदोत्सव’ में कृष्ण ने रचाई रासलीला

बेधड़क | जयपुर

सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में गोविंदोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। स्वेज फार्म स्थित ज्योतिबा फुले सामुदायिक केन्द्र में बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ का सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी कार्यकर्ताओं, सर्व समाज की ओर से माल्यार्पण, साफा और स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ और चुन्नी लाल गरासिया राज्यसभा में राजस्थानवासियों की आवाज को और भी अधिक बुलंद करेंगे। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे जनता के आशीर्वाद से पूरा करेंगे।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्रीकृष्ण रास लीला रही। कलाकारों ने फाल्गुनी गीतों पर जमकर धमाल किया। राधा कृष्ण के स्वरूपों पर भक्तों ने पुष्प वर्षा की। बेस्ट ड्रेस कंपीटिशन में चुनिंदा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सभी लोगों को वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी, सिविल लाइंस विधानसभा भाजपा प्रभारी सोहन बड़ोदिया, भाजपा सिविल लाइंस मंडल के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद पार्षद प्रत्याशी, सभी मोर्चा अध्यक्ष, वार्ड संयोजक, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी शामिल हुए।

## राजस्थान विज्ञान महोत्सव का समापन

# युवा वैज्ञानिक सम्मेलन में युवाओं ने की प्रौद्योगिकी चुनौतियों पर चर्चा

बेधड़क | जयपुर

डीएसटी, राजस्थान, विभा, राजस्थान, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी, और राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किए गए तीन दिवसीय राजस्थान विज्ञान महोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाने के साथ ही युवा वैज्ञानिक सम्मेलन में युवाओं ने प्रौद्योगिकी में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की।

कार्यक्रम का उद्घाटन RIC में हुआ, जिसमें लगभग 700 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी संजय शर्मा मुख्य अतिथि रहे।



### RU और विज्ञान पार्क में हुए आयोजन

बुधवार को दो पेरलल कार्यक्रम हुए। इनमें एक राजस्थान विश्वविद्यालय में और दूसरा विज्ञान पार्क, डीएसटी में हुआ। आरयू में आयोजन के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा थे और दूसरे आयोजन के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा थे। वेलेडिक्टरी सत्र के दौरान साइंस पार्क, डीएसटी में मुख्य अतिथि थे विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी। शिक्षा और पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर अतिथि रहे।

### विजेताओं को किया पुरस्कृत

तीन दिनों तक के कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रौद्योगिकी प्रदर्शन, पैनल चर्चा, युवा वैज्ञानिक सम्मेलन, विज्ञानिका, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन की चुनौतियों पर भी मंथन किया गया। समापन सत्र में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन सत्र के उद्घाटन के दौरान मेहमानों का स्वागत डॉ. मेघेन्द्र शर्मा, विज्ञान भारती राजस्थान के सचिव ने किया। धन्यवाद राजस्थान विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव वी. सरवना कुमार ने दिया।

### प्रतिभागियों में होगा ऊर्जा का संचार

तीन दिवसीय कार्यक्रम में करीब 10000 लोगों ने भाग लिया, जिनमें प्रतिष्ठित व्यक्ति, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी, उद्यमी और छात्र शामिल थे। आयोजक विभा राजस्थान के सचिव डॉ. मेघेन्द्र शर्मा, सीएसआईआर- सीरी के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव वी. सरवना कुमार, राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

## जरूरी खबर

### हिसार-मुम्बई रेल का कोटा स्टेशन पर होगा ठहराव



**कोटा।** रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु हिसार-मुम्बई सेंट्रल-हिसार द्वि-साप्ताहिक दुरंतो एक्सप्रेस रेलसेवा का कोटा स्टेशन पर ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 12240, हिसार-मुम्बई सेंट्रल द्वि-साप्ताहिक रेल 29 फरवरी से 27 अगस्त तक कोटा स्टेशन पर रात 8.05 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 12239, मुम्बई सेंट्रल-हिसार एक्सप्रेस 4 मार्च से 28 अगस्त तक कोटा स्टेशन पर सुबह 10 बजे पहुंचेगी।

### खेत में काम कर रहे किसान पर भालू का हमला

**सवाईमाधोपुर।** जिले के रणथंभौर टाइगर रिजर्व की तालेड़ा रेंज के सावटा गांव में खेत पर कृषि कार्य कर रहे एक किसान पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले में किसान रामजीलाल गुर्जर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तालेड़ा रेंजर रामखिलाड़ी मीणा ने बताया कि सावटा निवासी किसान रामजीलाल अपने खेत पर कृषि कर रहा था। इसी दौरान अचानक जंगल से निकलकर खेत में आए एक भालू ने वहां काम कर रहे किसान रामजीलाल पर हमला बोला दिया। शोर सुनकर आस-पास के खेत में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। लोगों के आने पर भालू वापस जंगल में चला गया।

### करोड़ों की ठगी के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



**सीकर।** नेक्सा एवरग्रीन कंपनी में इन्वेस्ट के नाम पर 2700 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ठगी का शिकार हुए लोगों ने सीकर शहर में पैदल मार्च निकाला। इसके बाद पीड़ित एसपी से मिले और आरोपियों की प्रॉपर्टी जब्त करने की मांग की। पैदल मार्च निकाल रहे प्रतिनिधि मंडल के सदस्य सत्यवीर सिंह ने बताया कि कंपनी को ठगी कर भागे हुए 1 साल हो गया, लेकिन अभी तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं सीकर पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने लोगों को आश्वासन दिया है कि 10 दिन के अंदर कार्रवाई कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

राष्ट्रपति को ज्ञापन देने पहुंचे लोगों को रास्ते में रोका तो फैला आक्रोश, लाठी चार्ज कर खदेड़ा

# किसानों पर बल प्रयोग, MLA व सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तार

**बेधड़क** | बूंदी

खनोरी बॉर्डर पर शहीद हुए किसानों के आत्म सम्मान और किसान आंदोलन के समर्थन में बूंदी में हिंडोली विधायक अशोक चांदना के नेतृत्व में खेती बचाओ- किसान बचाओ आंदोलन किया गया।

इसमें बड़ी संख्या में जिले के किसान, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान आजाद पार्क में एक सभा का भी आयोजन किया गया। सभा के बाद सभी अशोक चांदना के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने के लिए रवाना हुए। अहिंसा सर्किल पर बने बैरिकेड पर तैनात भारी पुलिस बल ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को रोक दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों से विधायक अशोक चांदना और किसानों की झड़प हो गई। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बैरिकेड को तोड़ दिया। प्रदर्शकारी दूसरे बैरिकेड को भी तोड़कर कलेक्ट्रेट जाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों पर हल्का बल प्रयोग किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार की। इसके बाद सभी प्रदर्शनकारी वहीं पर बैठ गए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने विधायक अशोक चांदना, विधायक सीएल प्रेमी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर अलग-अलग स्थान पर ले जाकर छोड़ दिया।





### प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल रहा तैनात

कांग्रेस का किसानों के समर्थन में होने वाले विरोध प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए थे। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने प्रदर्शन को देखते 3 एडिशनल एसपी, 4 पुलिस उपाधीक्षक, 12 सीआई, 15 सब इंस्पेक्टर, दो आरएसी की कंपनियां, सहित 500 पुलिस और आरएसी के जवान तैनात किए थे। वहीं वाटर कैनन और वज्र वाहन का भी इंतजाम किया गया था। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे थे। इस दौरान जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका तो उग्र हो गए और बैरिकेड्स पर चढ़ गए। इस पर पुलिस ने उनके खदेड़ने लिए बल प्रयोग किया।

### 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को दूसरी जगह ले जाकर छोड़ा

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां ने बताया कि कानून के दायरे में रहकर सभी को प्रदर्शन करने का अधिकार है। हिंडोली विधायक व दो अन्य एमएलए के नेतृत्व में किसानों का प्रदर्शन शांतिपूर्ण किया। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को शांतिपूर्ण तरीके से कंट्रोल किया गया है। इसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही आई है। उन्होंने बताया कि विधायक अशोक चांदना सहित 100 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर अन्य जगह पर छोड़ा गया। पुलिस द्वारा छोड़ने के बाद हिंडोली विधायक अशोक चांदना, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा और जिलाध्यक्ष सीएल प्रेमी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।

गृहक्लेश में परिवार खत्म: दो दिन पहले दंपती में हुआ था विवाद

# महिला दो मासूम बेटों के साथ नहर में कूदी, पति ट्रेन से कटा

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले में एक परिवार की ओर से सामूहिक आत्महत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गृहक्लेश के चलते परिवार खत्म हो गया। मां ने अपने दो मासूम बेटों के साथ नहर में कूदकर जान दे दी, वहीं पति ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर जान दे दी।

इसके चलते जिस आंगन में बच्चों की किलकारी गूंजती थी, वहां माता-पिता के साथ बच्चों के शव पहुंचे तो हर किसी की आंख नम हो उठी। जानकारी के अनुसार युवक दवा लेने की बात कहकर पत्नी और बच्चों के साथ घर से निकला था। अब तक की जांच में पुलिस को सुसाइड करने का कारण नहीं मिला है।

हालांकि, यह जरूर सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच दो दिन पहले झगड़ा हुआ था। यह दर्दनाक घटना जोधपुर जिले के तिंवरी कस्बे की है। पुलिस के अनुसास मंगलवार शाम को कुम्हारों के मोहल्ले में रहने वाले 28 साल के कंवरलाल ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। वहीं, उसकी 26 साल की पत्नी पूनम, 4 साल के बेटे सौरभ और 7 साल के भरत का शव राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल में मिला है। बताया जा रहा है कि दंपती बच्चों के साथ कैनाल में कूद थे, लेकिन कंवरलाल किसी तरह बच तो उसने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।



### पति का मोबाइल मिला तो हुई शिनाख्त

पुलिस ने बताया कि मंगलवार शाम को तिंबरी मथानिया के बीच रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो शव के पास एक मोबाइल फोन पड़ा मिला। मोबाइल में मिले नंबर पर कॉल करने पर पता चला कि कंवरलाल अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ घर से निकला था। इसके बाद पुलिस ने कंवरलाल की पत्नी पूनम और उसके बच्चे सौरभ और भरत की तलाश शुरू की। पूनम के मोबाइल नंबर से लोकेशन ट्रेस की गई तो वह राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल के पास मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो नहर के किनारे जूते-मोबाइल और कपड़े पड़े हुए मिले। कुछ देर बाद तीनों के शव भी बरामद कर लिए गए।

### पुलिस कर रही जांच

पुलिस ने चारों शवों को पीएम के लिए मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि कंवरलाल दवा लेने की बात कहकर पत्नी और बच्चों के साथ घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। अब तक की जांच में पुलिस को सुसाइड करने का कारण नहीं मिला है। शुरुआती जांच में यह जरूर सामने आया है कि दो दिन पहले कंवरलाल का उसकी पत्नी से झगड़ा हुआ था। ऐसे में एक अंदेशा यह भी लगाया जा रहा है कि उसने पत्नी और बच्चों को नहर में फेंक दिया और फिर खुद भी जान दे दी। हालांकि, पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुशवाह समाज ने किया फैसला

# आरक्षण नहीं तो लोस चुनाव में करेंगे मतदान का बहिष्कार



**बेधड़क** | धौलपुर

जिले के कुशवाहा समाज ने आरक्षण समेत अन्य मांगों को लेकर फिर से सरकार को अल्टीमेटम दे दिया हैं। समाज ने आरक्षण नहीं मिलने पर आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया हैं। कुशवाहा आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को भरतपुर प्रशासन की ओर से दस दिन का समय देकर सरकार से वार्ता कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन सरकार की और से 25 फरवरी तक वार्ता के लिए बुलावा नहीं आया और कोई फैसला नहीं लिया गया।

पंचायत में आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने समाज के लिए 12 फीसदी आरक्षण और लव-कुश कल्याण बोर्ड को वित्तीय दर्जा दिलवाने सहित बारह सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार की हठधर्मिता के चलते कुशवाहा समाज ने बुधवार को पंचायत में काफी चिंतन मंथन करने के बाद लोकसभा चुनाव में समाज द्वारा मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया हैं। साथ ही 5 मार्च को महापंचायत करने का निर्णय लिया हैं। इसमें आंदोलन को लेकर अंतिम फैसला लिया जाएगा। कुशवाहा समाज के आंदोलन में समाज की महिलाएं भी भागीदारी निभाएंगी। बसई नवाब कस्बे में बैठक में भारी तादाद में महिलाएं भी शामिल हुई है। महिलाओं ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आरक्षण आंदोलन में सहयोग देने का निर्णय लिया है।

तीन दिन में एक बार पानी सप्लाई, वो भी पीने लायक नहीं

# पेयजल समस्या: लोगों ने लगाया जाम

**बेधड़क** | अलवर

गर्मी की शुरुआत से पहले ही क्षेत्र के वार्ड नंबर-7 में पानी का संकट हो गया है। पानी नहीं आने से नाराज महिलाओं ने अंबेडकर सर्किल पर रोड जाम कर धरना दिया।

वार्डवासियों को कहना है कि हमारे घरों में तीन से चार दिन में एक बार पानी आता है, वो भी गंदा आ रहा है जो पीने लायक नहीं है। इस मामले में जब जलदाय विभाग के अधिकारियों से बात करते हैं, तो वो आनाकानी करते हैं और एक-दूसरे पर काम टालते नजर आते हैं। वार्ड-7 की पार्षद शालिनी शर्मा ने बताया कि इस वार्ड में तीन से चार दिन में पानी आता है। पानी सप्लाई भी बेहद कम समय के लिए होती है और पानी भी दूषित आता है। जलदाय विभाग को पाइप लाइन लीकेज को लेकर कई बार शिकायत की गई है, लेकिन पाइप लाइन को नहीं सुधारा गया। दूषित पानी से लोग बीमार हो रहे हैं। ऐसे में मजबूरन वार्ड के लोगों के साथ धरने पर बैठना पड़ा है। यहीं नहीं इससे पहले सर्दियों में भी जल संकट छाया रहा. लेकिन अब जैसे ही गर्मी का दौर शुरू हुआ, वैसे ही पानी की किल्लत सामने आने लगी है।




साफ-सफाई नहीं रखने पर कैंटीन सील, शौचालय का ठेका निरस्त

# बस स्टैंड पर अव्यवस्थाएं देख भड़के कलेक्टर

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बुधवार को सुबह केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने बस स्टैंड पर सफाई व्यवस्था, बस स्टैंड पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इसमें अधिकांश जगह व्यवस्थाएं मिली।

जिला कलेक्टर ने यात्री प्रतीक्षालय कक्ष नहीं होने पर नाराजगी जताई। मेहता ने टिकट काउंटर पर नियुक्त कार्मिक से बातचीत की तथा बसों के टाइम शेड्यूल की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने रोडवेज बस स्टैंड पर कार्यालयों के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व एव भविष्य निधि शाखा, सांख्यिकी, सामान्य, संस्थापन, प्रबंधक प्रशासन, ईटीआईएम व बैग शाखा, कैश शाखा, प्रबंधक वित्त, लेखा भुगतान शाखा का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने बस स्टैंड पर कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। जिला कलेक्टर ने अनुभागों में फाइलों के सुव्यवस्थित संधारण नहीं मिलने पर फाइलों के सुव्यवस्थित संधारण तथा रख-रखाव के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने निस्तारित योग्य स्टोर सामग्री को शीघ्र निस्तारित कर पालना रिपोर्ट भिजवाने के लिए निर्देशित किया। बस स्टैंड पर शौचालय के निरीक्षण में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं मिलने पर जिला कलेक्टर ने ठेका निरस्त करने के लिए लेबर वेलफेयर इंस्पेक्टर दीपिका शर्मा तथा कार्यवाहक चीफ मैनेजर प्रदीप जीनगर को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने रोडवेज बस स्टैंड पर संचालित हो रही कैंटीन में साफ सफाई नहीं मिलने, गंदगी होने, रसोईघर में ही कपड़े सुखाने तथा वहीं नहाने पर जिला कलेक्टर ने कैंटीन को सील करने तथा फूड इंस्पेक्टर से खाद्य तेल, सामग्री की जांच के आदेश दिए।



ट्रीपल आईटी कोटा के दीक्षात समारोह में की शिरकत

# अब पूरी दुनिया हमारे नौजवानों के सामर्थ्य पर होगी निर्भर: स्पीकर बिरला

**बेधड़क** | कोटा

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) कोटा का तीसरा दीक्षांत समारोह बुधवार को ब्रानपुर स्थित कैंपस में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शिरकत की। इस दौरान बिरला ने कहा कि नौजवानों ने नए स्टार्टअप से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नए नवाचारों के माध्यम से बहुत बड़ी चुनौतियों का समाधान किया है।

हर सेक्टर में सभी चुनौतियों का समाधान आज भारत का नौजवान कर रहा है। यह भारत का सामर्थ्य है। कभी हम विकसित देशों की टेक्नोलॉजी, इनोवेशन व रिसर्च पर निर्भर हुआ करते थे, अब दुनिया हमारे नौजवानों के सामर्थ्य पर निर्भर होगी।

हर इनोवेशन और रिसर्च भारत का नौजवान करेगा। सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल के इस युग परिवर्तन युवाओं के सामर्थ्य से होगा और प्रयासों से होगा। आईटी और मेडिकल के क्षेत्र में भारत इन युवाओं के दम पर ही विश्व को राह दिखाएगा। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में शुभम खंडेलवाल को 9.53 सीजीपीए अंक के साथ बीटेक पूरी करने पर गोल्ड मेडल दिया गया। इसी तरह से इलेक्ट्रॉन आईसीएस एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में दीपक गुर्जर को 9.44 सीजीपीए अंक से पास होने पर गोल्ड मेडल मिला है।

कार्यक्रम में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 118 विद्यार्थी और इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 49 स्टूडेंट्स को उपाधि दी गई है। इसी तरह से मास्टर इन टेक्नोलॉजी कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद स्पेशलाइजेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डाटा साइंस के चार विद्यार्थियों को भी उपाधि सौंपी गई। सभी को शपथ दिलाई और देश और समाज की तरक्की के लिए काम करने के लिए आह्वान किया।



### गूगल से लेकर अमेजॉन तक ऑफर

ट्रिपल आईटी कोटा के कार्यवाहक डायरेक्टर प्रो. एचपी पाड़ी ने कहा कि ट्रिपल आईटी कोटा का प्लेसमेंट काफी अच्छा है। 100 फीसदी विद्यार्थी ऑक्यूपाइड किए गए हैं, जिन्हें स्टार्टअप से लेकर मल्टीनेशनल कंपनियां और सरकारी एजेंसियों ने भी हायर किया है। यहां के स्टूडेंट ओमकार को गूगल में नौकरी मिली है। वहीं, अन्य स्टूडेंट्स अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, कई मल्टीनेशनल कंपनियों में भी हायर किए गए हैं। फोर्थ ईयर स्टूडेंट अश्मित कौर और अंकुर अग्रवाल को गूगल व कोइनबेस से इंटर्नशिप करने का मौका मिला है। दोनों को 51 और 42 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर भी जॉब ऑफर हो चुका है। इसके अलावा अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, ऑटोडेस्क, सैमसंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट, जेड स्क्वायर और मीशो तक बच्चे हायर किए जा रहे हैं। ट्रिपल आईटी कोटा के चेयरपर्सन लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट ने कहा कि ट्रिपल आईटी कोटा विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारत को सुपर पावर बनाने का प्रयास

मूलतः अलवर निवासी गोल्ड मेडलिस्ट शुभम खंडेलवाल का कहना है कि कॉलेज में इंजॉय भी कीजिए, लेकिन पहले सेमेस्टर से ही अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं वर्तमान में सी डॉट में काम कर रहा हूं, लेकिन अपना योगदान देकर भारत को क्वांटम कंप्यूटिंग में सुपर पावर बनाने का प्रयास करूंगा।' कॉलेज में भी सभी प्रोफेसर ने काफी मदद की है. मेरा प्लेसमेंट सेंटर डेवलपमेंट टेलीमेडिसिन में हुआ है। यह केंद्र सरकार के टेलीकम्युनिकेशन विभाग के अधीन है। मैं रिसर्च इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूं। उन्होंने कहा कि 'मेरे परिवार में पढ़ाई का अच्छा माहौल भी है। मेरे पिता मुरारीलाल गुप्ता लाइब्रेरियन के पद पर राज्य सरकार में कार्यरत रहे थे। वहीं मां सुमित्रा ग्रहणी हैं। मेरी एक बहन सरकारी सेवा में है, वह राज्य सरकार के सचिवालय में सेवाएं दे रही हैं। छोटी बहन अभी पढ़ाई कर रही है।

### दीपक की इसरो में काम करने की इच्छा

गोल्ड मेडलिस्ट दीपक गुर्जर जयपुर के मूल निवासी हैं। उनके पिता राजस्थान पुलिस में एसआई हैं। उनकी मां ग्रहणी, छोटी बहन एमबीबीएस और भाई अभी पढ़ाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'गोल्ड मेडलिस्ट बनने पर गौरवान्वित महसूस हो रहा है। मैं चाहूंगा कि भविष्य में भी ऐसे ही सरकारी कार्यों और देश की तरक्की के लिए काम करता रहूं। दीपक ने कहा कि मैं इसरो में काम करना चाहता हूं।

### मिस मयूरी-2024 में दिखे छात्राओं के टैलेंट के रंग, शुरू हुआ 'एक्वारेगिया-2024'

# महारानी में डांस का धमाल, महाराजा में रही कॉम्पिटिशन की धूम

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय महारानी कॉलेज में बुधवार को छात्राओं के टैलेंट के रंग बिखरे। कॉलेज के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव वीथिका-2024 के समापन के साथ ही आयोजित मिस मयूरी-2024 में छात्राओं ने जोश, उल्लास और उत्साह का संसार रचा। लाजवाब रंगारंग प्रस्तुतियों और दर्शकों के रूप में मौजूद हजारों स्टूडेंट्स के जोश के बीच रैंप वॉक, प्रश्नोत्तरी और डांस के आधार पर मीमांसा उपाध्याय ने मिस मयूरी का ताज जीता। सलोनी सैनी को मिस क्वीन ऑफ हार्ट का ताज पहनाया गया तो प्रियंका कुमावत मिस एनर्जेटिक्स, कृति जोरवाल मिस स्पार्कलिंग स्माइल, मोनिका सैनी मिस फोटोजेनिक, साक्षी मीना मिस गॉर्जियस, मानसी शर्मा मिस टैलेंटेड, डोना मीना मिस बेस्ट पर्सनलिटी, खुशी डे मिस दिवा और मुस्कान सोनी मिस एक्सप्रेसिव आइज बनीं। जजेस के पैनल में सिमरन वालिया, शिल्पा शर्मा और विभा बैद शामिल थीं, जबकि प्रो. मायारानी टांक इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं। यह कार्यक्रम सभी के लिए एक यादगार अनुभव था। प्राचार्य प्रो. निमाली सिंह ने विजेताओं को बधाई दी।



### छात्रों ने प्रतियोगिताओं में दिखाया टैलेंट



राजस्थान विश्वविद्यालय के महाराजा कॉलेज का दो दिवसीय अंतर-कॉलेज सांस्कृतिक उत्सव 'एक्वारेगिया-2024' बुधवार से शुरू हुआ। इसमें नाटक, संगीत, कला, साहित्य, फैशन और फोटोग्राफी सहित विभिन्न शैलियों के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उद्घाटन समारोह में गोपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह खंगारोत छात्रों का उत्साहवर्धन किया। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर भी इस अवसर पर उपस्थित थे। प्राचार्य प्रो. एसएन डोलिया, आयोजन सचिव डॉ. प्रवीण गर्ग, प्रियंका कुमारी गर्ग और डॉ. स्वप्निल भारद्वाज ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। उद्घाटन समारोह का संचालन डॉ. ऋषिकेश मीना ने किया। उन्होंने बताया कि जयपुर के 45 से अधिक संस्थानों और कॉलेजों के छात्र एक्वारेगिया 24 के कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। पहले दिन के कार्यक्रमों में एकल, युगल, समूह नृत्य, फेस पेंटिंग, रंगोली, फैशन शो, युवा संसद, रस्साकशी, कविता, हैकथॉन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## Yuva स्टोरीज



### आईसीएआई जयपुर ब्रांच को अत्यधिक सराहनीय शाखा पुरस्कार

**बेधड़क. जयपुर।** सेंट्रल इंडिया रीजनल कॉउंसिल (सीआईआरसी) के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में सीआईआरसी जयपुर शाखा को लार्ज और मेगा संयुक्त श्रेणी में सीआईआरसी-2023 का 'अत्यधिक सराहनीय शाखा का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार' मिला। सेंट्रल इंडिया चार्टर्ड अकाउंटेंट स्टूडेंट्स एसोसिएशन (सीकासा) जयपुर ब्रांच को सीआईआरसी का 'सीएसआर कार्यो के लिए सर्वश्रेष्ठ शाखा' के पुरस्कार से नवाजा गया। यह समारोह पहली बार जयपुर शाखा में संपन्न हुआ। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस समोराह के दौरान माइक्रो, स्माल एवं मध्यम श्रेणी में आने वाली ब्रांचो को भी पुरस्कृत किया गया और इनका चयन सीआईआरसी पैनल द्वारा सालभर में ब्रांचो द्वारा किए गए कार्यकर्मो के प्रदर्शन के आधार पर तय किया जाता है।

### स्टार्टअप समिट में एंटरप्रेन्योर्स को मिले टिप्स



**बेधड़क. जयपुर।** एंटरप्रेन्योरशिप और बिजनेस की जानकारी है तो जरूरी नहीं कि आप बिजनेस ही करें, आप जॉब में भी अन्य कार्मिकों के मुकाबले बेहतर परफॉर्म करेंगे। जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में बुधवार को आयोजित स्टार्टअप समिट में एक्सपर्ट्स ने कुछ ऐसी ही बातें कही। समिट में देश के टॉप 20 कॉर्पोरेट्स के एचआर हेड्स, स्टार्टअप फाउंडर्स समेत बिजनेस स्ट्रेटजी एक्सपर्ट्स स्टूडेंट्स से रूबरू हुए। अटल इन्क्यूबेशन सेंटर और एनएचआरडी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समिट में देशभर से 500 से अधिक पार्टिसिपेंट्स और ऑडियन्स ने हिस्सा लिया। वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने बताया कि विभिन्न पैनल डिस्कशन्स में स्टूडेंट्स ने स्टार्ट अप, एंटरप्रेन्योरशिप से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स को आयडियाज पिच करने, फंडिंग, इम्प्लीमेंट करने, मेंटरशिप की महत्ता समेत विभिन्न जरूरी मुद्दों पर टिप्स दिए।



### स्माइल ट्रेन ने किया 40 बच्चों को सम्मानित

**बेधड़क. जयपुर।** न्यूयॉर्क की संस्था स्माइल ट्रेन ने कटे तालू और होंठ वाले 40 बच्चों के संस्था की ओर से सफल निशुल्क इलाज करवाने के बाद पूर्णतया ठीक होने पर उन्हें बुधवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था की अमेरिकन ब्रांड ऐम्बेसेडर तान्या नायक ने नन्हें-मुन्ने बच्चों को उपहार दिए एवं उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया। तान्या ने बताया कि संस्था की ओर से इन सभी बच्चों का निशुल्क इलाज करवाया गया। इस अवसर पर अपेक्स हॉस्पिटल के चेयरमेन डॉ. एसबी झंवर ने बताया कि संस्था के सहयोग से पिछले 20 साल में ऐसे 10 हजार से अधिक ऑपरेशन किए जा चुके हैं, जो अपने आप में एक मिसाल है। इस अवसर पर सम्मानित हुए चिकित्सकों में डॉ. सचिन झंवर, डॉ. भरत शर्मा, डॉ. वरूण खन्ना, डॉ. संजीव हूजा शामिल थे।

### छात्राओं ने दिखाई विज्ञान की प्रतिभा



**बेधड़क** | जयपुर

रामबाग चौराहा स्थित सुबोध महिला महाविद्यालय में बुधवार को विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर, मॉडल, स्किट एवं ओपन माइक जैसी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक राजस्थान विश्वविद्यालय भौतिक शास्त्र विभाग के डॉ. पूरा राम रहे। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेणु जोशी एवं उपप्रचार्या डॉ. इंदु शर्मा ने छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल दिया। इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के संयोजक मंडल में तारा चंद बड़ीवाल, डॉ. याचना जैन एवं सीमा स्वामी ने प्रभावी एवं सफल आयोजन में सहयोग किया।

### आईआईएस यूनिवर्सिटी का फैशन शो क्रिएशन्स-2024

# सोशल मैसेज की चमक में दमके फैशन के रंग

**बेधड़क** | जयपुर

ईको कॉन्सस फैशन शो में आईआईएस गर्ल्स ने अपनी क्रिएटिविटी और एक्सपरिमेंट के बेहतरीन संयोजन से बुधवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में न्यूलुक ट्रेंड्स के फैशनेबल फैबुलस एथनिक और वेस्टर्न आउटफिट्स का तिलिस्म बिखेरा। आईआईएस मानसरोवर के डिपार्टमेंट ऑफ फैशन एंड टेक्सटाइल के 13वें एनुअल फैशन शो क्रिएशन्स- 2024 में 48 सजीली मॉडल्स ने शानदार लाइट इफेक्ट के बीच हाईबीट्स मैशअप म्यूजिक पर आकर्षक सेलिब्रिटी रैंपवॉक से फैशन का सपनीला संसार सजाया। इंडोवेस्टर्न फ्यूजन से सराबोर इस फैशन शो में ईको सस्टेनेबिलिटी को फोकस किया गया।

इस मौके पर राजस्थान सरकार में पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी विजयलक्ष्मी बिश्नोई, यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ.राखी गुप्ता समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने कहा कि फैशन, एजुकेशन की तरह एक डाइनैमिक फोर्स है जो समय के साथ विकसित होती है।



### ईको सस्टेनेबिलिटी का दिया संदेश

डिजाइनर्स में अंजलि रावत, मुस्कान मित्तल, कृतिका कुमावत व मानसी जैन, एलिशा जैन, हर्षिता बंसल, मानवी शर्मा, मोनिका वासनानी, रिया चौधरी, खुशी गर्ग, माधवी शर्मा, पिंकी, कुमकुम मिश्रा, अदिति गौर, भूमिका दाधीच, निशा खत्री, कशिश जैन, श्रुति सोनी, तनिष्का राठौड़ का गॉर्जस कलेक्शन शोकेस किया गया। ट्रेडिशनल इंडियन टेक्सटाइल के प्रचार-प्रसार के मकसद से हुए इस शो में ए लाइन ड्रेस, जैकेट, पलाजो, साड़ी, लहंगा, जंपसूट, हैरम पैंट, धोती, अनारकली सूट, श्रृग जैसे स्टाइलिश और क्लासी परिधान आकर्षण का केन्द्र रहे। शो में खादी, अप साइकिलिंग, कांथा फ्यूजन, मधुबनी प्रिंटिंग, कलमकारी में ट्रेडिशनल इंडियन फैब्रिक के साथ क्रिएटिव प्रयोग की खूबसूरत बानगी दर्शायी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अप साइकिलिंग कलेक्शन में रियूज्ड फैब्रिक से बने लिबासों को शोकेस कर ईको सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।





### 11 राउंड्स में 46मॉडल्स ने शो केश किए लिबास

तमाम मॉडल्स ने हेरिटेज ह्यूज, ब्लू एल्योर, सियान ईको, क्यूबिट मोड, हैंड्सपुन हॉर्मनी, डेनिम रिबॉर्न, पैसले पार्क, फ्रॉस्टी फ्यूजन, मैवरिक इथॉस और सॉव्रिन ड्रीमस्केप जैसे 11 राउंड्स के विभिन्न सीक्वेंस में 46 गर्ल्स डिजाइनर्स की उम्दा डिजाइन से लबरेज दमकते लिबासों को ग्रेसफुली शोकेस किया। इस सर्कुलर फैशन शो के जजिंग पैनेलिस्ट में जेबा की फाउंडर पारुल विजयवर्गीय, क्षीर सागर की डायरेक्टर रघुश्री पोद्दार शामिल रहीं। शो कोरियोग्राफर डेविड रहे। मेकओवर सेलिब्रिटी ब्यूटी एक्सपर्ट जस्सी छाबड़ा का रहा। अंत में स्कूल ऑफ डिजाइन की डायरेक्टर प्रो. राधा कश्यप और डिपार्टमेंट ऑफ फैशन एंड टेक्सटाइल की हेड डॉ.सुलेखा ओझा ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

# शगुन बनी यंग लोटस कंटेस्ट-2024 विजेता

**बेधड़क** | जयपुर



जयपुर की प्रतिभाशाली युवा क्रिएटर शगुन अग्रवाल को यंग लोटस कंटेस्ट-2024 प्रतियोगिता में विजेता घोषित किया गया है। यह घोषणा देश भर की विज्ञापन क्षेत्र की प्रतिभाओं की प्रविष्टियों के आधार पर ओगिल्वी की शगुन अग्रवाल और चेताली माने को एएआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा विजेता घोषित किया गया है। इसके साथ ही अब शगुन अग्रवाल और चेताली माने 21 से 23 मार्च तक थाईलैंड में होने वाले एडपोस्ट-2024 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। एएआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा विज्ञापन जगत में युवा प्रतिभाओं को उभारने और मंच उपलब्ध कराने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस बार प्रतियोगिता का विषय 'परिवर्तन की सांसः भारत में स्वच्छ हवा के लिए नवाचार' रखा गया था। ओगिल्वी की शगुन अग्रवाल और चेताली माने की रचनात्मकता की उत्कृष्टता और अभिनव नजरिए के कारण देशभर से प्राप्त प्रतिभागियों में से उन्हें चुना गया। गौरतलब है कि शगुन अग्रवाल डायरेक्टर जनरल इंद्रा गांधी पंचायती राज संस्थान डॉ. सुबोध अग्रवाल और प्रिंसिपल कमिश्नर इन्कम टैक्स रौली अग्रवाल की पुत्री हैं।

### धर्म ही आधुनिक हिन्दु विधि का मूल आधार

**जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में धर्मशास्त्र विद्या शाखा की ओर से 'आधुनिकहिन्दुविधौ धर्मशास्त्रस्य प्रभावः' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने कहा कि धर्म ही आधुनिक हिन्दु विधि का मूल आधार है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जयपुर परिसर की पूर्व निदेशक प्रो. भगवती सुदेश ने बताया कि धर्मशास्त्र द्वारा प्रदत न्याय व्यवस्था आज भी मर्यादित और सुनियोजित मानी जाती है। कार्यक्रम में प्रो. भगवान सहाय, प्रो. जी एस, प्रो. कृष्णा शर्मा, प्रो. वाईएस रमेश, प्रो. विष्णुकांत पांडेय, डॉ.रानी दाधीच, डॉ. विनी शर्मा, डॉ. नमिता मित्तल, डॉ. सुब्रत साहू, डॉ. अंजलि गौतम, डॉ. किरण खींची व अन्य विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### बच्चों के बीच 'खिलाड़ी'



*बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार बुधवार को उदयपुर में खेरवाड़ा स्थित वनवासी कल्याण परिषद द्वारा जनजाति बच्चों के लिए बनाए गए छात्रावास पहुंचे। इस छात्रावास के निर्माण के लिए अक्षय कुमार ने एक करोड़ रुपए का सहयोग दिया था व बच्चों ने मिलने का वादा किया था।*

### इनोवेशन | प्रोजेक्ट एक्सपो 'प्रयोगम-2024' में साकार हुई क्रिएटिविटी

# इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स से दिखाई तकनीक की ताकत

**बेधड़क** | जयपुर

नेशनल साइंस डे पर स्टूडेंट्स ने अपने बनाए प्रोजेक्ट्स के जरिए विज्ञान व इंजीनियरिंग की संभावनाओं को दर्शाया। प्रोजेक्ट एक्सपो 'प्रयोगम-2024' में स्टूडेंट्स ने प्रोजेक्ट्स के जरिए बताया कि भविष्य में तकनीक की वजह से हमारा जीवन और अधिक आसान व बेहतर हो जाएगा। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में लगाई गई इस एग्जीबिशन में यहां के करीब 1200 स्टूडेंट्स के बनाए 223 प्रोजेक्ट व सॉफ्टवेयर प्रदर्शित किए गए। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय, अशरे, आई स्टार्ट और आईजीबीसी जैसे संस्थानों के सहयोग से इस एक्सपो का आयोजन किया गया।



बीएम इन्फोट्रेड प्राइवेट लिमिटेड के एमडी डॉ. मुकुल गुप्ता इसके मुख्य अतिथि थे, जबकि टाई-राजस्थान की प्रेसीडेंट डॉ. शीनू झंवर एवं डेमको सॉल्यूशंस के लो कोड के एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट मनीष गुप्ता गेस्ट ऑफ ऑनर थे। इन्होंने पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी, प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता और रजिस्ट्रार डॉ. चांदनी कृपलानी के साथ रिबन काटकर एक्सपो का उद्घाटन किया और प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया।



जजेज ने विभिन्न पैमानों के आधार पर सभी प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया। सिद्धांत पाठक के इनोवेटिव प्रोजेक्ट वेबजेनीएक्स को प्रथम विजेता और आदित्य नारायण के प्रोजेक्ट पीवाय बडी-डेवलपिंग चैटबॉट को द्वितीय विजेता घोषित किया गया। इनके साथ-साथ 15 अन्य प्रोजेक्ट्स को भी पुरस्कृत किया गया।

### प्रोजेक्ट्स से सुलझाईं रियल प्रोब्लम्स

इस दौरान स्टूडेंट्स ने विभिन्न डोमेन्स में रियल प्रॉब्लम्स पर बनाए अपने प्रोजेक्ट्स डिस्प्ले किए। इनमें लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, डेवलपिंग चैटबोट, ट्यून क्लोन, सोशल मीडिया ई-बुक, वेब मार्केट, वर्चुअल माउस, एग्री वर्ल्ड, चैटबोट सैम, बैंक मैनेजमेंट सिस्टम, एयर भारत, फेक न्यूज डिटेक्शन, एआई वॉइस असिस्टेंट, डिलीवरी रोबोट, लाइन फॉलोइंग रोबोट, स्मार्ट पार्किंग, फोटो मॉल, आईओटी बेस्ड स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, प्रोड्यूस फ्री एनर्जी और लेजर सिक्योरिटी सिस्टम जैसे इनोवेटिव प्रोजेक्ट का डेमोंस्ट्रेशन दिया। प्रोजेक्ट्स में स्टूडेंट्स का टैलेंट दिखाई दिया।

# रिपोर्ट: गरीबी के दंश से बाहर निकलता भारत



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। हाल ही में नीति आयोग ने यह कहा है कि भारत का गरीबी स्तर पांच प्रतिशत से नीचे आया है। दरअसल नवीनतम घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण द्वारा जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है और उसी के हवाले से नीति आयोग ने यह बात कही है कि भारत अब लगातार समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण आमतौर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा हर पांच साल में आयोजित किया जाता है। वास्तव में, इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। जानकारी देना चाहूंगा कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय यानी कि एनएसएसओ द्वारा कुछ समय पहले जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है, जो देश में समृद्धि के बढ़ते स्तर को दर्शाता है।

आंकड़ों से पता चलता है कि सभी श्रेणियों के लिए औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 3,773 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 6,459 रुपये है। दरअसल,प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च दुगुना हो गया है। इस वृद्धि को पूरी आबादी के जीवन स्तर में अहम सुधार का संकेत माना जा सकता है। वैसे कहा यह भी जा सकता है कि घरेलू खर्च में यह बढ़ोतरी बेलगाम महँगाई का भी प्रतिबिंब है।निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग का औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 1,373 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 2,001 रुपये आंका गया है। आंकड़ों से यह बात पता चलती है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खपत लगभग 2.5 गुना बढ़ गई है।यह बताता है कि आज देश में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रगति हो रही है।ग्रामीण क्षेत्रों में खपत शहरी क्षेत्रों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है, जिससे दोनों क्षेत्रों(ग्रामीण व शहरी) के बीच असमानताएं कम हो रही हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि सर्वेक्षण में सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ को भी शामिल किया गया है, जिसने उन गरीब परिवारों की खपत में योगदान दिया है, जिन्हें अपने बच्चों के लिए मुफ्त खाद्यान्न और साइकिल और स्कूल यूनिफॉर्म जैसे सामान मिले हैं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि वर्ष 2011-12 में अंतर 84 प्रतिशत था और वर्ष 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004-05 में यह अंतर 91 प्रतिशत था। एनएसएसओ सर्वेक्षण देश में ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों के कुल खर्च में अनाज और भोजन की खपत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय गिरावट का भी संकेत देता है। इसका मतलब है कि लोग अतिरिक्त आय के साथ समृद्ध हो रहे हैं।इस बढ़ी हुई समृद्धि के साथ वे भोजन के अलावा अन्य चीजों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। यहां तक कि भोजन में भी, अधिक दूध पी रहे हैं, फल और अधिक सब्जियां खा रहे हैं। हालांकि भोजन और अनाज की हिस्सेदारी में कमी आई है। इस दौरान गैर-खाद्य वस्तुओं जैसे फ्रिज, टेलीविजन, बेव्रेज और प्रोसेस्ड फूड, स्वास्थ्य और परिवहन पर ख़र्च बढ़ गया है, जबकि अनाज और दालों जैसे खाद्य पदार्थों पर ख़र्च धीमा हो गया है।

> “हाल फिलहाल यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि हाल ही में जारी उक्त आंकड़े सुखद हैं क्योंकि ग्रामीण और शहरी भारत के बीच अब तक बड़ी आर्थिक खाई देखने को मिल रही थी, आंकड़े इस खाई को कम दिखाते हैं,जो कि बहुत अच्छी बात है ।रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि लोग अब अनाज की तुलना में दूध, फल, सब्जी और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों पर ज़्यादा खर्च करने लगे हैं।”

खाने पर ख़र्च साल 1999-2000 में 48.06%, 2004-05 में 40.51%, 2009-10 में 44.39%, 2011-12 में 42.62% था, जो अब 39.70% हो गया है। वहीं गैर-खाद्य वस्तुओं का ख़र्च 1999-2000 में 51.94%, 2004-05 में 59.49%, 2009-10 में 55.61%, 2011-12 में 57.38% था, जो अब 60.30% हो गया है। मल्टी डायमेंशनल पावर्टी इंडेक्स द्वारा जारी एक अध्ययन के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में भारत में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से उबर गए हैं। स्टडी में कहा गया है कि गरीबी अनुपात में 2013-14 में 29.17 प्रतिशत से भारी गिरावट आई है और 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई है, जो 17.89 प्रतिशत अंक की कमी है। जानकारी देना चाहूंगा कि इसके अनुसार उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान 5.94 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने के साथ गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग हैं। इसी बीच यह भी बताता चलूं कि नीति आयोग ने यह भी कहा है कि भारत वर्ष 2030 से पहले ही बहुआयामी गरीबी को आधा करने के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा। दरअसल,पोषण अभियान और एनीमिया मुक्त भारत जैसी उल्लेखनीय पहलों ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे अभाव में काफी कमी आई है।

बेहतरीन स्वास्थ्य और बेहतरीन शिक्षा का मतलब है किसी भी राष्ट्र का विकास की ओर अग्रसर होना। बढ़ी हुई आर्थिक उत्पादकता का किसी भी राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण व अहम् योगदान होता है। सर्वेक्षण बताता है कि देश व समाज आज निरंतर प्रगति और विकास की ओर अग्रसर है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## लोकसभा चुनावों की चौसर पर नए सियासी दांव

# दक्षिण भारत साधने की जुगत में मोदी



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

> “पीएम मोदी की नजर अभी भी अन्नाद्रमुक समर्थक वोटों पर है। वहीं, तमिल मनीला कांग्रेस के साथ आने से भाजपा कम से कम वहां अपने लिए माहौल बनाने में सफल हो सकेगी। तमिल मनीला कांग्रेस के संस्थापक जीके मूपनार ने कांग्रेस से अलग होकर ही वर्ष 1996 में तमिल मनीला कांग्रेस का गठन किया था। हालांकि बाद में 2002 में उसका कांग्रेस में विलय हो गया, लेकिन मूपनार के बेटे ने 2014 में कांग्रेस से नाता तोड़कर पार्टी को फिर से जीवित किया और अब वह भाजपा के साथ आ गए हैं।”



लोकसभा चुनाव सन्निकट है और सभी राजनीतिक दल इसकी तैयारियों में जुटे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा अपने लिए 376 सीटों का लक्ष्य लेकर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में है। उसने राजग के लिए 400 सीटों का लक्ष्य घोषित कर रखा है। पीएम मोदी बार-बार अपनी सभाओं में भाजपा और राजग के इस लक्ष्य का जिक्र करते हैं और वह यह भी कहते हैं कि वह जून में अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करेंगे। इसमें उनका और उनकी पार्टी का आत्मविश्वास झलकता है। हम इसे उनका अतिआत्मविश्वास भी कह सकते हैं, लेकिन क्या भाजपा जमीनी स्तर पर इस स्थिति में है कि वह यह चमत्कार दोहरा सके? क्योंकि अभी तक दक्षिण भारत में उसके पैर जमे नहीं है। हां, वह दक्षिण भारत में अपने पैर जमाने की कोशिश जरूर कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नियमित अंतराल से दक्षिण भारतीय राज्यों के दौरे इसका प्रमाण हैं। भाजपा खासकर पीएम मोदी की दक्षिणी राज्यों में बढ़ती राजनीतिकि सक्रियता से वहां के क्षेत्रीय दल भी चिंतित हैं।

हाल में केंद्र से वित्तीय आवंटन को लेकर दक्षिणी राज्यों के कुछ नेताओं ने सवाल खड़े किए थे, उसमें उनकी यही चिंता नजर आती है कि कहीं भाजपा उनके घर में सेंध न लगा ले। इसी माह के शुरू में कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं ने दिल्ली में धरना देकर केंद्र से राज्य को मिलने वाले राजस्व का मुद्दा उठाया। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी दक्षिणी राज्यों के अपने दौरों के दौरान राजनीति में परिवारवाद को लेकर प्रहार करते रहे हैं। इसी हथियार के माध्यम से वह कांग्रेस, द्रमुक और तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव की पार्टी को घेरते रहे हैं। पीएम मोदी गत दो दिन से दक्षिणी राज्यों के दौरे पर ही थे। उन्होंने मंगलवार व बुधवार को केरल, तमिलनाडु व महाराष्ट्र का दौरा किया। इस दौरान इन तीनों ही राज्यों को पीएम ने कई हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। परंतु गौर करने वाली बात यह है कि पीएम मोदी के तमिलनाडु के दौरे के एक दिन पहले यानी सोमवार को ही तमिल मनीला कांग्रेस ने भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन किया। हालांकि तमिलनाडु की राजनीति में द्रमुक व अन्नाद्रमुक दो बड़े राजनीतिक खिलाड़ी हैं और तमिल मनीला कांग्रेस का वहां राजनीतिक वर्चस्व नहीं है, लेकिन भाजपा का गणित वहां एक-एक को मिलाकर ग्यारह करने का है। इसलिए द्रमुक व अन्नाद्रमुक का साथ नहीं मिल रहा है तो वह अन्य छोटे दलों को साथ लेकर अपने चुनावी समीकरण साधना चाहती है। द्रमुक अभी राज्य में सत्ता में है और वह कांग्रेस के साथ विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल है। अन्नाद्रमुक फिलहाल भाजपा से दूर है। दोनों पार्टियों के रिश्तों में खटास गत वर्ष के उत्तरार्द्ध में आ गई थी और भाजपा अकेली पड़ गई।

ऐसे में भाजपा ने तमिल मनीला कांग्रेस के रूप में एक क्षेत्रीय सहयोगी अपने से जोड़ लिया है। हालांकि पीएम मोदी अन्नाद्रमुक के सियासी महत्व को अच्छी तरह से जानते हैं, यही वजह रही कि मोदी मंगलवार को तमिलनाडु में अपनी सभा में अन्नाद्रमुक के संस्थापक एमजी रामचंद्रन और पूर्व सीएम जयललिता को याद करना नहीं भूले। उन्होंने दोनों नेताओं की सराहना की। एमजीआर वहां राजनीति और पर्दे दोनों के हीरो रहे हैं और तमिलनाडु के जनमानस से गहराई से जुडे हैं। स्पष्ट है कि पीएम मोदी की नजर अभी भी अन्नाद्रमुक समर्थक वोटों पर है। वहीं, तमिल मनीला कांग्रेस के साथ आने से भाजपा कम से कम वहां अपने लिए माहौल बनाने में सफल हो सकेगी। तमिल मनीला कांग्रेस के संस्थापक जीके मूपनार ने कांग्रेस से अलग होकर ही वर्ष 1996 में तमिल मनीला कांग्रेस का गठन किया था। हालांकि बाद में 2002 में उसका कांग्रेस में विलय हो गया, लेकिन मूपनार के बेटे ने 2014 में कांग्रेस से नाता तोड़कर पार्टी को फिर से जीवित किया और अब वह भाजपा के साथ आ गए हैं। भाजपा येन-केन प्रकारेण तमिलनाडु में अपने लिए मजबूत आधार की तैयारी में जुटी है।

इस बात के संकेत हमें पीएम मोदी के तमिलनाडु दौरे के दौरान तमिल संस्कृति के प्रति उनके लगाव की अभिव्यक्ति में नजर आते हैं। वे काशी-तमिल संगम कार्यक्रम के माध्यम से तमिल जनमानस को छूने का सतत प्रयास कर रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पीएम मोदी ने नासिक में पंचवटी से लेकर सुदूर दक्षिण में राम सेतु तक भगवान राम से जुड़े मंदिरों के दर्शन, पूजा-अर्चना और स्नान के माध्यम से सांस्कृतिक डोर को मजबूत किया और महाराष्ट्र से लेकर केरल तक के जनमानस को छुआ। अब भाजपा उस सांस्कृतिक डोर को सियासी लाभ में बदलने की कोशिश करेगी। पीएम मोदी के हाल के दक्षिण भारत के दौरों को इस सांस्कृतिक सियासी लाभ से अलग कर नहीं देखा जा सकता है। दक्षिणी राज्यों में लोकसभा की कुल 129 सीटें हैं, जबकि उसके प्रभाववाली 30-35 सीटे हैं। ऐसे में वहां शानदार सफलता दर्ज करना उसके लिए आसान नहीं होगा। दक्षिणी राज्यों पर एक नजर डालें तो केरल में 20, तमिलनाडु में 39, कर्नाटक में 28, तेलंगाना में 17, आंध्र प्रदेश में 25 सीटें हैं और इनमें से कर्नाटक के अलावा भाजपा कहीं भी अपने बूते पर चमत्कार करने की स्थिति में नहीं है। पिछले चुनाव में पार्टी ने इन राज्यों में 29 सीटें जीती थी, जिनमें कर्नाटक की 25 और तेलंगाना की 4 सीटें शामिल हैं। इस बार चुनाव में उसके लिए इस आंकड़े में वृद्धि करना आसान नहीं होगा, क्योंकि वहां पर मजबूत विपक्षी सरकारें सत्ता में हैं। कर्नाटक व तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, जबकि केरल में वाम मोर्चा, तमिलनाडु में द्रमुक और आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस की सरकार है। इसलिए भाजपा के लिए यहां का सियासी संग्राम बहुत मुश्किल होगा।

हालांकि भाजपा यहां अपनी व्यूह रचना करने में जुटी है। उसने केरल और तमिलनाडु दोनों में यात्राएं निकाली हैं। केरल में जहां बीजेपी ईसाई समुदाय के करीब जाने की कोशिश कर रही है, वहीं तमिलनाडु में एक मन एक मकल यात्रा के माध्यम से लोगों के साथ तार जोड़ने की कोशिश में है। भाजपा दक्षिण खासकर तमिलनाडु में सनातन धर्म को लेकर कुछ नेताओं की अमर्यादित टिप्पणियों पर आक्रामक रुख अपनाकर वहां की राजनीति को अपने अनुकूल बनाने की भरसक कोशिश में लगी हुई है। वहीं दक्षिणी हिस्से से जुड़े एक और बड़े राज्य महाराष्ट्र में भाजपा विपक्षी दलों के गठबंधन महाविकास अघाड़ी को कमजोर करने में लगी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को भाजपा अपने पाले में करने में सपफल हो गई है। वहीं एक और दमदार नेता मिलिंद देवड़ा कांग्रेस छोड़ पहले ही भाजपा का दामन थाम चुके हैं। महाराष्ट्र के यवतमाल में पीएम मोदी ने बुधवार को ही महिलाओं के माध्यम से चुनावी लक्ष्य को साधने की कोशिश की। भाजपा के लिए पांच सुदूर दक्षिणी राज्यों के अलावा महाराष्ट्र में चुनावी सफलता तीसरी बार सत्ता में लौटने की कुंजी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# राहु-केतु शनि की वक्र दृष्टि बन रही कारण!



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

विधान द्वारा रचित इस लोक के चुनाव से पहले होने वाली घटनाओं को देखते हुए 29 फरवरी के बाद वाले समय पर राजनैतिक दृष्टि डाली जाए तो आर्थिक रूप से सामाजिक क्षेत्र में असर पड़ने वाला है वह धार्मिक पद्धति के कारण रीति रिवाज के चलते विभिन्न क्षेत्र के नागरिकों, नेताओं आदि के इधर से उधर होने पर जो हलचल होने वाली है उसको देखते हुए राहु, केतु और शनि की नजर वक्री होती हुई दिखाई दे रही इसका सीधा असर आने वाले 2 - 4 दंगल में देखने को मिलेगा यह एक ऐसी राजनैतिक रूप से खगोलीय घटना है जो दिलचस्प रहेगी। इसमें लाल, हरा, आसमानी, सफेद, भगवा जैसे कई रंग हवा में उड़ते हुए नजर आएंगे तथा आने वाले दिनों में फागुन (चुनाव) फड़के वाली स्थिति नजर आ रहा है। अभी जो चुनावी बसंती बयार बहने वाली है उसको देखते हुए कई नेताओं का मन विचलित होता हुआ दिखाई दे रहा है इसलिए कुछ इधर उधर होने जैसे स्थिति में दिखाई देंगे। राजनीति में भी इस प्रकार की हलचल हो रही है। किन-किन राशियों पर इस हलचल का क्या क्या नहीं बल्कि क्या क्या प्रभाव पड़ने वाला है यहां समय के साथ अवसर का इंतजार करना पड़ेगा सभी थोड़ा धैर्य से काम लें। इस खगोली भूल-भुलैया वाली घटनाक्रम में सूर्य, चंद्र, गुरु, राहु, केतु, शनि का किन-किन राशियों पर राजनीतिक वातावरण के चलते सामाजिक दृष्टि से आर्थिक रूप से क्या क्या धार्मिक प्रभाव पड़ने वाला वह इस प्रकार है।

**मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क राशि के व्यक्तियों पर प्रभाव**- सूर्य की तेज रोशनी के कारण इन राशि वाले व्यक्ति जो राजनीति में अपना दबदबा रखते हैं उनके लिए बहुत ही अनुकूल समय चल रहा है उन्हे चंद्रमा की तरह शीतल बने रहना चाहिए और सामाजिक कुर्सी को मजबूत करने में सियासत रूप से प्रयासरत रहना होगा क्योंकि हमारी आस्था के नाथ को कर कमल वाले चाहते हैं। (न) कुल मिलाकर मोहन, कैलाश जैसे भगवान, नाथ के हाथ से निकली ज्योति को वह खोना नहीं चाहते हैं। कूटनीति के चलते ख्वाबों की स्वप्न सुंदरी कुर्सी को राजनीति के इतिहास में संभवतः ऐसा कभी नहीं हुआ की कोई उसे छोड़ो सकता है।

**सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक राशि वाले जातक पर प्रभाव**- प्रायः जीवन की आपाधापी में यह प्रश्न हमारे जीवन में किसी आन्दोलन की तरह मन में उठते रहेंगे कि सामाजिक दृष्टि से देखते हुए धार्मिक आवरण ओढ़ कर आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए किस प्रकार की राजनैतिक रूचि के चलते महत्वाकांक्षाएं, मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए किस प्रकार से व्यवहार अमल में लाया जाना चाहिए। जो सतत इस प्रयास में लगा रहेगा वह सफलता प्राप्त करता रहेगा।

**धनु, मकर, कुंभ, मीन** राशि वाले व्यक्तियों पर जीवित और निर्जीव वस्तु किसी न किसी आकर्षण के कारण ही अपने (कुर्सी) स्वरूप में दृष्टिगोचर है। किसी पद, पैसा और प्रतिष्ठा को किसी राजनीतिक तिकड़म के चलते सामाजिक स्थिति को भली भांति भांपते हुए, जानते हुए, पहचानते हुए अपने आप को धार्मिक माहौल में डालकर कुछ आर्थिक रूप से दान देने से मन वांछित रूप से सोचें गया विचार या योजना के फलीभूत होकर किसी शक्ति से बलवान होती हुई दिखाई दे रही है। बसंती बयार के फागुन में मित्र राशियां मंगल की स्थिति में दिख रही हैं। कुछ ग्रह नक्षत्र की चल को देखते हुए विशेष गणना को आधार मानकर हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई, जैन, बौद्ध, अगड़ी, पछाड़ी जैसी कई जाति सूचक व्यक्ति को विशेष नाम, पद मिले हुए हैं जिसकी छत्रछाया में बहुत कुछ प्राप्त करने वाले हैं उन्हें अपने दायित्व, कर्तव्य, और अधिकार के चलते बंटवारे से 2-4 कुर्सियां बैठने को मिल सकती है जिस पर बैठकर सर्व सुविधा युक्त राजयोग प्राप्त करेंगे।

## नॉलेज कॉर्नर: अब खत्म होगा इंजेक्शन का डर...

# इंसुलिन चॉकलेट करेगी शुगर को कंट्रोल!

वैज्ञानिकों ने डायबिटीज के मरीजों के लिए एक खास तरह की चॉकलेट विकसित की है। यह ऐसी चॉकलेट है जो शरीर में इंसुलिन की जरूरतों को पूरा करेगी। द्वञ्ज आर्कटिक यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्वे और यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी ने साथ मिलकर इसे तैयार किया है।दुनियाभर में 42.5 करोड़ लोग डायबिटीज से परेशान हैं। इनमें से 7 करोड़ से ज्यादा रोगी रोज इंसुलिन का इंजेक्शन लेते हैं। लेकिन अब डायबिटीज से निपटने का एक क्रांतिकारी तरीका विकसित किया गया है। ऐसी दवा बनाई गई है जिससे बिना इंजेक्शन के दर्द से डायबिटीज के इलाज में मदद मिलेगी। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं इस इंसुलिन चॉकलेट के बारे में...

### डायबिटीज वाली चॉकलेट के अंदर क्या है?

एक रिसर्च के मुताबिक, डायबिटीज के रोगी अब चॉकलेट या कैप्सूल लेकर भी इंसुलिन की कमी को पूरा कर सकते हैं। इस चॉकलेट में इंसानों के बालों से भी बारीक साइज के नैनो-कैरियर हैं, जिनमें इंसुलिन है।जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन नहीं बना पाता, तो हमारे खून में मौजूद शुगर प्रोसेस नहीं हो पाती। सेल्स में जाने की बजाय वो शुगर ब्लड में रह



जाती है। इसे ही डॉक्टर डायबिटीज की बीमारी बताते हैं। वैज्ञानिकों की बनाई गई नई चॉकलेट शरीर में इंसुलिन के संतुलन को सुधारने काम करेगी।

### यूं काम करते चॉकलेट के नैनो-कैरियर

नैनो-कैरियर के आइडिया पर काफी समय से विचार चल रहा था। इसमें एक बड़ी दिक्कत यह थी कि इंसुलिन के नैनो-कैरियर पेट के एसिड के संपर्क में आने से टूट जाएंगे और अपने तय टारगेट पॉइंट पर नहीं पहुंच पाएंगे। लेकिन अब इसका हल निकाल लिया गया है। यूआईटी आर्कटिक यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्वे में प्रोफेसर पीटर मैककोर्ट कहते हैं, 'हमने एक ऐसी कोटिंग बनाई है जो इंसुलिन को पेट के एसिड में टूटने से बचाएगी और इंसुलिन को उसके टारगेट पॉइंट, मुख्य रूप से लीवर, तक पहुंचने तक सुरक्षित रखती है।

### इंजेक्शन से काफी बेहतर है

*एक वाजिब सवाल मन में उठता है कि क्या इंसुलिन चॉकलेट वर्तमान के इंजेक्शन के तरीके से बेहतर है। इस पर प्रोफेसर पीटर मैककोर्ट बताते हैं, 'इंसुलिन लेने का यह तरीका ज्यादा सटीक है क्योंकि यह शरीर के उन हिस्सों में तेजी से इंसुलिन पहुंचाता है जहां इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए मेरे शरीर का कण-कण और जीवन का क्षण-क्षण मां भारती को समर्पित है।



**अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री
@AshwiniVaishnaw
मोदी 3.0 - भारत दुनिया के सबसे बड़े बुनियादी ढांचा निर्माताओं में से एक बन जाएगा।

## उत्तर प्रदेश की राजनीति में सियासी उलटबांसी: लोकसभा चुनाव के लिए मोर्चाबंदी में जुटी समाजवादी पार्टी

# अखिलेश का बड़ा दांव, सपा में शामिल हुए बीएसपी के नेता गुड्डू जमाली

**एजेंसी** | लखनऊ/ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हुए चुनाव के बाद सियासत गरमा गई है और राजनीतिक उलटबांसी जारी हैं। सपा को राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के चलते नुकसान उठाना पड़ा लेकिन अब बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को बुधवार को पार्टी में शामिल कर अपनी सियासी ताकत बढ़ाने का प्रयास किया है।

वहीं,जमाली ने कहा कि वह किसी लालच में सपा में शामिल नहीं हुए हैं। देश के हालात को देखते हुए यह फैसला किया है। ज्ञात रहे कि पिछले साल आजमगढ़ लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में गुड्डू जमाली की वजह से ही सपा को भाजपा से हार का सामना करना पड़ा था। तब गुड्डू जमाली वहां से बसपा के प्रत्याशी थे।

जिससे वहां के सियासी व सामाजिक समीकरण गड़बड़ा गए और सपा को हार का सामना करना पड़ा। अखिलेश यादव ने विधानसभा चुनाव के बाद





लोकसभा से इस्तीफा दे दिया था। जिससे आजमगढ़ लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव हुए। जमाली के सपा में आने से यह माना जा रहा है कि आजमगढ़ में सपा की स्थिति मजबूत होगी और वहां से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। वहीं, जमाली को अगले माह विधान परिषद भेजा जा सकता है।

### पीडीए की हां में हां मिलाने सपा में आया, पूरी जिंदगी रहूंगा वफादार: जमाली

इस अवसर पर गुड्डू जमाली ने कहा कि देश में हिंदू और मुसलमानों के बीच खाई पैदा की जा रही है। इसलिए किसी सौदेबाजी के तहत वह सपा में नहीं आए हैं। पीडीए की हां में हां मिलाने आए हैं। पूरी जिंदगी सपा और उसके नेताओं के प्रति वफादार रहूंगा। जमाली ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती के लिए भी उन्होंने पूरी ईमानदारी से काम किया। उनके साथ रिश्ते भी बेहतर थे। जमाली ने कहा कि उनका मानना है कि इस लड़ाई में मायावती को भी शामिल होना चाहिए था। सरकार आज हमें डराने की कोशिश कर रही है। हम मिट जाएंगे, पर डरने वाले नहीं। इस कार्यक्रम के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से यह पूछे जाने पर कि गुड्डू जमाली को विधान परिषद भेजा जाएगा और आप (अखिलेश) खुद आजमगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे? जवाब में अखिलेश ने कहा कि हमारी ही ओर से दी गई जानकारी आप (मीडिया) हमें लौटा रहे हैं।

### यह है सपा का सियासी गणित

गुड्डू को विधान परिषद भेजकर अखिलेश पसमांदा मुस्लिम समाज को भी साध सकते हैं। इसके साथ ही मुस्लिम को एमएलसी बनाकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की अपनी मुहिम को आगे बढ़ा सकते हैं। इससे राज्यसभा चुनाव में पार्टी का कोई मुस्लिम को प्रत्याशी न होने से उपजी नाराजगी भी दूर होगी।

### विधासनभा चुनाव में दर्ज की थी जीत

ज्ञात रहे कि जमाली काफी समय से सपा के संपर्क में थे। गुड्डू आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से 2012 और 2017 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीत थे। उन्होंने 2022 में हुए लोकसभा उपचुनाव में बसपा के टिकट पर 2.66 लाख से ज्यादा मत प्राप्त किए थे। इसके कारण ही सपा के धर्मेंद्र यादव चुनाव हार गए थे। जमाली के सपा में आ जाने से वहां पार्टी की राह आसान हो जाएगी।

---

### उत्तराखंड: गवर्नर ने UCC बिल राष्ट्रपति को भेजा



**देहरादून**। राज्यपाल ने समान नागरिक संहित (यूसीसी) विधेयक राष्ट्रपति को भेजा है। राजभवन ने इस पर विचार करने के बाद विधायी विभाग को भेजा था। विधायी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया है। चूंकि यह संविधान की समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए बिल अनुमोदन के लिए राज्यपाल से राष्ट्रपति को भेजा गया। विधानसभा से यूसीसी बिल पास होने के बाद इसे राजभवन भेजा गया। इस पर राष्ट्रपति भवन को फैसला लेना है। वहां से मुहर लगने के बाद राज्य में कानून लागू हो जाएगा। असम की भाजपा सरकार यूसीसी बिल विधानसभा में सबसे पहले पेश कर सकती है। राजस्थान सरकार भी यूसीसी लाने का एलान कर चुकी है।

### राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों की जमानत

**नई दिल्ली**। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को बुधवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिली। अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में उन्हें जमानत दे दी। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की बड़ी बेटी मीसा भारती बिहार से राज्यसभा सांसद हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जमानत याचिकाओं का विरोध नहीं करने के बाद विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने तीनों को राहत दे दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि मामले की गंभीर प्रकृति को देखते हुए आरोपियों को जमानत देते समय उन पर कड़ी शर्तें लगाई जानी चाहिए। जज ने 9 फरवरी को उस वक्त उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी, जब ईडी ने कहा था कि उन्हें उनकी नियमित जमानत याचिकाओं पर दलीलें आगे बढ़ाने के लिए समय चाहिए।

---

## प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु व महाराष्ट्र को दी कई प्रोजेक्ट्स की सौगात

# इसरो के विज्ञापन में चीन का झंडा देख द्रमुक पर बरसे पीएम मोदी

■ कहा...सत्य कड़वा होता है, पर जरूरी भी होता है

**एजेंसी** | थूथुकुडी (तमिलनाडु)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु की द्रमुक सरकार और कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया और कहा कि सत्य कड़वा होता है, लेकिन सत्य जरूरी भी होता है। जो प्रोजेक्ट्स मैं आज लेकर आया हूं, ये दशकों से यहां के लोगों की मांग थी। उन्होंने कहा कि आज जो यहां सत्ता में बैठे हैं वे लोग तब दिल्ली में बैठे थे, सरकार और यह विभाग चलाते थे लेकिन उन्हें आपके विकास की फिक्र नहीं थी। उन्होंने इसरो के लॉन्च पैड को लेकर द्रमुक सरकार द्वारा जारी किए गए विज्ञापन में चीन का झंडा होने पर द्रमुक पर निशाना साधा और इसरो के वैज्ञानिकों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि द्रमुक ऐसी पार्टी है जो कोई काम नहीं करती बल्कि झूठा श्रेय लेने के लिए आगे खड़ी रहती है।

पीएम मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि वह बातें तमिलनाडु




### आस्था से कितनी नफरत

पीएम मोदी ने कहा,तमिलनाडु की धरती का भगवान श्री राम के साथ जो संबंध है, वह दुनिया जानती है। सदियों के बाद राम मंदिर के निर्माण पर पूरा देश खुश है। इसी विषय पर संसद में एक प्रस्ताव आया था लेकिन इस दौरान डीएमके के सारे सांसद सदन छोड़कर भाग गए। डीएमके के इस व्यवहार ने फिर साबित किया है कि उन्हें आपकी आस्था से कितनी नफरत है।

की करते हैं, लेकिन तमिलनाडु की भलाई के लिए कदम उठाने की हिम्मत नहीं थी। आज तमिलनाडु, थूथुकुडी में प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है। यह परियोजनाएं विकसित भारत के रोडमैप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन परियोजनाओं में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना भी देखने को मिलेगी।

### तमिलनाडु को यह दी सौगात

पीएम मोदी ने थूथुकुडी में आयोजित एक समारोह में तमिलनाडु को 17,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास शामिल है। उन्होंने हरित नौका पहल के तहत भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज को हरि झंडी दिखाई। इसके साथ ही पीएम ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखी। थूथुकुडी के निकट कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नए प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास किया।

### 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीतेगा राजग

तमिलनाडु के दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाई और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत राशि का वितरण किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि भाजपा नीत गठबंधन इस बार 400 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करेंगा। उन्होंने कहा कि हम देश बनाने के लिए, देशवासियों का जीवन बदलने के लिए एक मिशन लेकर निकले हुए लोग हैं। इसलिए बीते 10 वर्ष में जो कुछ किया, वो आने वाले 25 वर्ष की नींव है। मैंने भारत के कोने-कोने को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए शरीर का कण-कण, जीवन का क्षण-क्षण समर्पित है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए चार सबसे बड़ी प्राथमिकता है- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। ये चारों सशक्त हो गए तो देश का हर परिवार सशक्त हो जाएगा।

---

## अवैध खनन मामले में बुलाया

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीबीआई ने भेजा नोटिस


**एजेंसी** | लखनऊ

सीबीआई ने पांच साल पुराने अवैध खनन मामले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। सीबीआई ने अखिलेश को 2019 में दर्ज मामले के संबंध में पेश होने के लिए कहा है।

सीबीआई ने उन्हें गवाह के तौर पर तलब किया है। अखिलेश यादव ने इसका खुलासा राजधानी में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में किया। अखिलेश ने कहा कि पिछले चुनाव से पहले भी एक नोटिस आया था और इस चुनाव में भी एक नोटिस आया है। ज्ञात रहे कि सीबीआई के इस नोटिस को लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। अखिलेश यादव अक्सर कहते रहे हैं कि उन्हें कांग्रेस की सरकार ने पहले ही सीबीआई क्लब में डाल दिया है और अब भाजपा भी वही काम कर रही है।

आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी। पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले।

खनिजों के अवैध खनन के मामले की जांच के लिए इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात प्रारंभिक मामले दर्ज किए थे।




### कांग्रेस- सपा में है गठबंधन

लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में सपा-कांग्रेस के बीच समझौता हुआ है। दोनों दल प्रदेश में गठबंधन में लड़ रहे हैं। सपा ने कांग्रेस को गठबंधन के तहत 17 सीटें दी हैं।

---

## विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा...

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है, देश तीसरी बड़ी इकॉनोमी बनेगा

**एजेंसी** | बेलगावी (कर्नाटक)

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी है कि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।

भारत को पांचवीं अर्थव्यस्था बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की गई है। इस दौरान जयशंकर ने अन्न योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना का भी जिक्र दिया। कर्नाटक लिंगायत



एजुकेशन सोसाइटी के एक स्कूल का उद्घाटन करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ठोस नींव रखी, जो अब देश को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए लॉन्चिंग पैड का काम करेगी।

### हमारा मकसद आम आदमी के बोझ को कम करना

जयशंकर ने कहा कि हमारा मकसद आम आदमी पर बोझ कम करना है, भारत में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन है। भारत में इंटरनेट टैरिफ दुनिया के मुकाबले सबसे सस्ता है। यह सब सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस का ही नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया चिंतित थी कि भारत अपनी आबादी को देखते हुए कोविड-19 से कैसे लड़ेगा।

---

## आंध्र में कार्यकर्ता सम्मेलन: राजनाथ ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना

# उत्तर-दक्षिण को लेकर विवाद पर फटकारा

**एजेंसी** | विशाखापत्तनम

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सिर्फ उत्तर केंद्रित पार्टी नहीं है और उत्तर-दक्षिण के बीच रेखा विपक्ष ने संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए खींची है। उन्होंने कहा कि पार्टी को बदनाम करने के ऐसे प्रयास राष्ट्रीय अखंडता पर सवालिया निशान लगाते हैं।

आंध्र प्रदेश में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलनों में राजनाथ ने कहा, भाजपा विभिन्न राज्यों में सत्ता में रही है जिनमें दक्षिणी राज्य कर्नाटक भी शामिल है। अक्सर आरोप लगाया जाता है कि भाजपा सिर्फ उत्तर भारत की



पार्टी है या भाजपा सिर्फ हिंदी पट्टी की पार्टी है, लेकिन भाजपा ने असम में दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। असम हिंदी पट्टी का राज्य नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर व दक्षिण भारत में कुछ ढांचागत मुद्दे हैं और हमारे प्रयास दोनों को साथ लाकर कुछ अच्छा करने का होना चाहिए।

हमारा प्रयास दोनों को और ज्यादा जोड़ने का होना चाहिए, न कि दोनों को भाषा एवं समृद्धता के नाम पर तोड़ने का।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, कुछ लोग भारतीय जनता पार्टी पर सांप्रदायिक पार्टी होने का आरोप लगाते हैं, जबकि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पंथनिरपेक्ष पार्टी है। पांच अरब देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। उन्होंने मोदी सरकार के काम भी गिनाए।

### हर ओर है भाजपा

पार्टी राजस्थान और गुजरात जैसे पश्चिमी राज्यों में लगभग तीन-चार दशकों से प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रही है और पिछले लोकसभा चुनावों में पश्चिम भारत में उसे अधिकतम सीटें प्राप्त हुई थीं। उन्होंने कहा कि गुजरात में 30 वर्षों से हमारी सरकार है। कर्नाटक में लंबे समय तक हमारी सरकार रही। वर्तमान में हम बंगाल, ओडिशा व कर्नाटक में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी हैं। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल में हमारा मत प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। इसलिए यह कहना तथ्यात्मक रूप से बिल्कुल गलत है कि भाजपा सिर्फ उत्तर भारतीयों की पार्टी है।

---

**लोकसभा चुनाव की तैयारी**

# BJP ने किया प्रत्याशियों के नामों पर मंथन, चुनाव समिति की बैठक आज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा में लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। संभावित दावेदारों को लेकर प्रत्येक लोकसभा में पदाधिकारियों से सुझाव लेने के बाद प्रदेश के नेताओं ने मंथन शुरू कर दिया है।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया को तेज करते हुए उनके नामों पर पर मंथन शुरू कर दिया है।

संभावित दावेदारों को लेकर प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी पदाधिकारियों से सुझाव लेने के बाद पार्टी ने बुधवार को प्रदेशवार मंथन की प्रक्रिया शुरू की। इसको लेकर हुई एक अहम बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विभिन्न राज्यों के नेताओं के साथ बुधवार को अलग-अलग बैठक कीं।

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने बुधवार को मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नेताओं के साथ बैठक की।

गौरतलब है कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक गुरुवार को होनी है, जिसमें भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इससे पहले मंगलवार को



दिल्ली प्रदेश भाजपा की चुनाव समिति के सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें दावेदारों के नामों, चुनाव की तैयारियों और दिल्ली की राजनीतिक स्थिति पर विचार विमर्श हुआ।

### इन बिंदुओं पर हुई चर्चा

- आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के बीच गठबंधन होने से संबंधित राज्यों में पार्टी के सामने चुनौती,
- समिति के सदस्यों ने पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर भी अपनी राय दी
- प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति पर विचार विमर्श

### पहली सूची में हो सकता है पीएम मोदी व शाह का नाम

भाजपा की पहली सूची में ही पीएम मोदी और अमित शाह जैसे शीर्ष नेताओं का नाम शामिल हो सकता है। इनके अलावा पहली सूची में भाजपा उन सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकती है, जिन सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। 2019 के लोकसभा चुनाव के समय भाजपा ने चुनाव आयोग द्वारा तारीखों की घोषणा के बाद अपनी पहली सूची जारी की थी। हालांकि बीते साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के पैटर्न को देखें तो भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले ही जारी कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा इसी पैटर्न पर चलते हुए चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले ही अपनी पहली सूची जारी कर सकती है।

### राज्यों के स्तर पर की जा रही रायशुमारी

पार्टी ने राज्य स्तर पर भी लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नामों पर मंथन शुरू कर दिया है। इसे लेकर पार्टी नेतृत्व पार्टी पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, विधायकों और पूर्व सांसदों आदि से संभावित उम्मीदवारों के नाम मांग रही है। साथ ही विभिन्न नेता रायशुमारी के लिए अलग-अलग जिलों का भी दौरा कर रहे हैं। बीते दिनों पीएम मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के 370 और एनडीए के 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया था। ऐसे में पार्टी उम्मीदवारों के चयन में कोई कोताही नहीं बरतना चाहती है और सिर्फ जिताऊ चेहरों पर ही दांव लगाने की तैयारी कर रही है।

## जरूरी खबर

### भार्गव को भुवन भूषण देवलिया सम्मान 3 मार्च को



**शिवपुरी।** वर्ष 2023 का भुवन भूषण देवलिया सम्मान शिवपुरी के वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार प्रमोद भार्गव को दिया जाएगा। पुरस्कार में 11 हजार रुपए नकद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इस राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह एवं व्याख्यान का आयोजन रविवार 3 मार्च को माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, विशिष्ट अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति केजी सुरेश, मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र शर्मा होंगे।

### बंगाल: 6 सदस्यीय टीम 1 मार्च को संदेशखाली जाएगी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पटना हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में छह सदस्यीय तथ्य-खोज टीम को 1 मार्च को संदेशखाली जाने की अनुमति दी है। टीम माझेरपारा, नतुनपारा और नस्करपारा जाएगी। इसके साथ ही जस्टिस कौशिक चंद्रा ने राज्य के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी को भी संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी है। इस दौरान कोई भी भड़काऊ टिप्पणी नहीं की जा सकेगी। अधिकारी गुरुवार को वहां जा सकते हैं।

### भारत-जर्मनी करेंगे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सैन्य अभ्यास



**नई दिल्ली।** भारत और जर्मनी ने द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों में रक्षा सहयोग को मुख्य स्तंभ के रूप में विकसित करने पर जोर दिया है।अधिकारियों ने कहा कि दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने पर सहमत हुए हैं। बर्लिन में दोनों देशों की उच्च रक्षा समिति की बैठक में यह सहमति बनी। दोनों पक्षों ने बैठक में रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने, जबकि जर्मनी का नेतृत्व वहां के रक्षा मंत्रालय के विदेश सचिव बेनेडिक्ट जिमर ने किया। दोनों ओर से कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा संबंधी मुद्दों पर बातचीत की गई। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर बात की।

## पीएम ने मीनाक्षी अम्मान मंदिर में की पूजा-अर्चना





*मदुरै। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मदुरै में स्थित प्रसिद्ध मीनाक्षी अम्मान मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी तमिलनाडु के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान मदुरै पहुंचे थे। मंदिर के पुजारियों द्वारा उन्हें पूर्ण कुंभम मंदिर सम्मान दिया गया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री को एक शॉल भेंट की।*

## कई अरब और अफ्रीकी देशों की ब्रह्मोस पर नजर




**नई दिल्ली।** देश के रक्षा निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना हैं। कई अरब व अफ्रीकी देशों ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। भारत के पास सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की क्षमता मौजूद है, जो विभिन्न फाइटर जेट्स से 450 किलोमीटर दूरी के लक्ष्य भेद सकती है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के चेयरमैन अतुल डी राने ने कहा कि पीएम मोदी ने 2025 तक रक्षा निर्यात पांच अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है और हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के कुछ देशों की सेनाओं के पास सुखोई-30 लड़ाकू विमान हैं,जिन्हें ब्रह्मोस मिसाइल से लैस किया जा सकता है। इन देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है।

### हिमाचल में गरमाई सियासत: डैमेज कंट्रोल में जुटी कांग्रेस

# विक्रमादित्य सिंह का यूटर्न... अपना इस्तीफा लिया वापस

एजेंसी | शिमला

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए हुए चुनाव में मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी की हार के बाद शुरू हुई सियासी उठापटक बुधवार को भी जारी रही। राज्य के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार सुबह मंत्री पद से इस्तीफा देकर राज्य की सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार के लिए नया राजनीतिक संकट पैदा कर दिया। सिंह ने सरकार पर कई आरोप लगाए और उसे कठघरे में खड़ा किया। लेकिन शाम होते होते सिंह ने यूटर्न ले लिया। उन्होंने मंत्री पद से अपना इस्तीफा वापस ले लिया। समझा



जा रहा है कि सीएम सुक्खू उनको मनाने में सफल हो गए। इससे पहले सीएम सुक्खू ने कहा था कि सिंह का इस्तीफा स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। सिंह उनके छोटे भाई हैं। उनकी जो नाराजगी है, उसे दूर किया जाएगा। सुक्खू ने इन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले सुक्खू की सरकार बुधवार को राज्य विधानसभा में बजट पारित कराने में सफल रही। इससे सरकार गिरने का खतरा टल गया। बजट पारित होने के बाद विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

### सीएम सुक्खू पर लगाए कई आरोप

इससे पहले सिंह ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपने इस्तीफे की घोषणा की। सिंह ने कहा कि वह अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री और राज्यपाल को सौंप देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस्तीफे के बावजूद पार्टी में बने रहेंगे और भविष्य की राजनीति अपने समर्थकों और चाहने वालों से विचार-विमर्श कर तय करेंगे। सिंह ने कहा कि मंत्री रहते हुए भी उन्हें कई बार नीचा दिखाने की कोशिश की गई, शिलान्यास पट्टिकाएं तोड़ीं गईं। उन्होंने जहां प्रदेश में वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया, वहीं यह भी कहा कि सीएम सुक्खू ने उनके विभाग में बेवजह दखल कर प्रताड़ित करने का प्रयास किया है।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक पहुंचे शिमला

हिमाचल में सियासी घमासान के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा शिमला पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ बैठक की। इसके बाद विक्रमादित्य सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी पर्यवेक्षकों से मिले।

### सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी कार्रवाई

# एसीबी ने नशीली दवाओं के जखीरे को किया जब्त

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स रैकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अरब सागर में 3300 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स जब्त की है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1300 करोड़ रुपए से 2000 करोड़ रुपए तक हो सकती है। वैसे मात्रा के हिसाब से बीच समुद्र में ड्रग की सबसे बड़ी खेप है। ईरान के चाबहार पोर्ट से चली नाव को गुजरात की सीमा से 60 नोटिकल माइल्स की दूरी पर पकड़कर पोरबंदर लाया गया।

नेशनल नारकोटिक्स ब्यूरो (एनसीबी), नौसेना और गुजरात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। एनसीबी के महानिदेशक एसएन प्रधान के अनुसार एजेंसियां पिछले कुछ हफ्तों से ड्रग्स की बड़ी खेप के अरब सागर के रास्ते आने की खुफिया जानकारी पर काम रही थी। खुफिया जानकारी पर सेना, गुजरात पुलिस और एनसीबी ने आगे काम किया और ड्रग्स के लदी नौका की पहचान कर उसे जब्त किया।

इसके लिए टोही विमानों की मदद ली गई। नाव से ड्रग्स के अलावा चार मोबाइल फोन बरामद किये गए थे, जिनकी जांच की जा रही है।

### पांच तस्करों को किया गिरफ्तार


नाव से जिन पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, उनके पास कोई भी पहचान पत्र नहीं मिला है। उनसे पूछताछ की जा रही है और माना जा रहा है कि वे पाकिस्तान या ईरान के हो सकते हैं। ड्रग्स जिन पैकेटों में रखे गए थे, उन पर पाकिस्तान की एक खाद्य कंपनी का नाम छपा है।

### मेगा डील: नीता अंबानी संभालेंगी नई कंपनी की कमान

# रिलायंस-वॉल्ट डिजनी का होगा विलय

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के शीर्ष उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत में अपने मीडिया ऑपरेशंस के विलय के लिए वॉल्ट डिजनी के साथ बाध्यकारी समझौता किया है। विलय के बाद जो नई कंपनी अस्तित्व में आएगी उसकी वैल्यूएशन 70,000 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। वहीं, उनके पास 75 करोड़ दर्शक होंगे। इस विलय प्रक्रिया में मेजर स्टेकहोल्डर रिलायंस इंडस्ट्रीज है, वहीं डिजनी की हिस्सेदारी 40 फीसदी से भी कम है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने




स्टॉक एक्सचेंज को इस विलय को लेकर आधिकारिक जानकारी दी है। मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी बनेंगी। वहीं, नई इकाई के वाइस चेयरपर्सन उदय शंकर होंगे। अब अलग-अलग नियामक से मंजूरी के बाद विलय प्रभावी होगा। रिलायंस ने ओटीटी कारोबार को बढ़ाने के लिए ज्वाइंट वेंचर में लगभग 11,500 करोड़ रुपए के निवेश करने पर भी सहमति जताई है। रिलायंस ने कहा- हम भारत में मीडिया और मनोरंजन उद्योग के डिजिटल बदलाव का नेतृत्व करेंगे और उपभोक्ता को कभी भी और कहीं भी हाई क्वालिटी और ज्यादा से ज्यादा कंटेंट की पेशकश करेंगे।

### ऐतिहासिक समझौता: मुकेश

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा-यह एक ऐतिहासिक समझौता है। यह समझौता भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक नए युग की शुरुआत करता है। हमने हमेशा डिजनी को विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ मीडिया समूह के रूप में सम्मान दिया है और इस संयुक्त उपक्रम को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

## थाईलैंड के डिप्टी पीएम की धनखड़ से भेंट



*नई दिल्ली। भारत की यात्रा पर आए थाईलैंड के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री पर्नप्री बहिधा-नुकारा ने मंगलवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की।*

### एक राष्ट्र ...एक चुनाव: विधि आयोग जोड़ेगा नया अध्याय, करेगा सिफारिश

# देश में 2029 तक एक साथ हो सकते हैं चुनाव, तय हो रही है प्रक्रिया

एजेंसी | नई दिल्ली

विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि सेवानिवृत्त जस्टिस ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के





कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा, ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नए अध्याय में एक साथ चुनाव, एक साथ चुनावों की स्थिरता और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें। जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 'एकता सरकार' के गठन की सिफारिश करेगा।

### कोविन्द की समिति भी कर रही काम

यदि 'एकता सरकार' का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। एक सूत्र ने बताया, मान लीजिए कि नए चुनावों की आवश्यकता है और सरकार के पास अब भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव शेष कार्यकाल के लिए होना चाहिए। विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं।

### कई राज्य विधानसभाओं का घटेगा कार्यकाल

इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है, जबकि महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने की उम्मीद है। बिहार और दिल्ली में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में 2026 में तथा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और मणिपुर में 2027 में चुनाव होने हैं। वर्ष 2028 में कम से कम नौ राज्यों- त्रिपुरा, मेघालय, नगालैंड, कर्नाटक, मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। एक देश-एक चुनाव' लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में हाल ही में चुनाव हुए हैं। इसलिए इन विधानसभाओं का कार्यकाल 6 महीने बढ़ाकर जून 2029 तक किया जाएगा।

## विद्युत जामवाल की क्रेक से तीन गुना ज्यादा कमाए यामी की आर्टिकल 370 ने

# हीरो पर बहुत भारी पड़ी हीरोइन!

*शिवराज गुर्जर.बेधड़क*

*जयपुर। बॉलीवुड मूवीज इन दिनों अच्छा बिजनेस कर रही हैं। शाहिद कपूर, कृति सेनोन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जीया' हिट हो चुकी है। पिछले शुक्रवार को दो फिल्में रिलीज हुईं- 'क्रेक' और 'आर्टिकल 370' भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इन दोनों मूवीज की खास बात यह है कि एक मूवी में दो हीरो हैं और एक में दो हीरोइनें। यानी कि एक हीरो ओरिएंटेड मूवी है और एक हीरोइन ओरिएंटेड। क्रेक में जहां विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल हैं, वहीं आर्टिकल 370 में यामी गौतम और प्रियमणि हैं। दोनों ही मूवीज एक्शन थ्रिलर हैं। बॉक्स ऑफिस पर दोनों आमने-सामने हैं। यहां पर दोनों हीरोइनें यामी गौतम और प्रियमणि, हीरो विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल पर भारी ही नहीं बहुत भारी पड़ रही हैं। कमाई की तुलना करें तो आर्टिकल 370 की कमाई क्रेक से करीब तीन गुना ज्यादा है।*




### आर्टिकल 370 ने 5 दिन में किया 44 करोड़ 60 लाख रुपए का कलेक्शन

यामी गौतम और प्रियामणि की फिल्म आर्टिकल 370 भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने पांच दिन में 44 करोड़ 60 लाख रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया है। मंगलवार को भी आर्टिकल 370 ने भारत में 3 करोड़ 55 लाख रुपए की कमाई की। बात करें पहले दिन की तो फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श के अनुसार आर्टिकल 370 ने 23 फरवरी को भारत में 6 करोड़ 12 लाख रुपए के साथ ओपनिंग ली थी। यह एक अच्छी शुरुआत थी। दूसरे दिन शनिवार को फिल्म ने 9 करोड़ आठ लाख रुपए और तीसरे दिन संडे को 10 करोड़ 25 लाख रुपए की भारत में नेट कमाई की। सोमवार को 3 करोड़ 60 लाख रुपए और मंगलवार को 3 करोड़ 55 लाख रुपए के कलेक्शन के साथ भारत में 32 करोड़ 60 लाख रुपए की नेट कमाई कर ली।

### यामी की इस साल की पहली हिट!

आर्टिकल 370 यामी गौतम की साल 2024 की पहली मूवी है। यामी के लिए खुश होने वाली बात यह है कि यह फिल्म हिट होने की ओर बढ़ रही है। ऐसा होता है तो 2024 की यामी की यह पहली हिट होगी। साल 2023 भी एक्ट्रेस यामी के लिए अच्छा रहा था। पिछले साल भी यामी की ओएमजी 2 हिट रही थी। हालांकि, यामी की 2023 में तीन मूवीज रिलीज हुई थी-लोस्ट, चोर निकल के भागा और ओएमजी 2। इनमें से ओएमजी 2 ही बॉक्स ऑफिस फतेह कर पाई थी और यामी के खाते में एक और हिट आ गई थी।



### क्रेक: 5 दिन में कमाए 13.50 करोड़

विद्युत जामवाल की क्रेक: जीतेगा तो जीएगा भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। सेकनिल्क के अनुसार मूवी ने पांच दिन में 13.50 करोड़ का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन किया है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श के अनुसार मूवी ने पहले दिन 23 फरवरी को 4 करोड़ 11 लाख रुपए के साथ बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग ली थी। शनिवार को मूवी ने 2.30 करोड़, रविवार को 2.40 करोड़, सोमवार को 1.10 करोड़ और मंगलवार को एक करोड़ के कलेक्शन के साथ पांच दिन में भारत में 12 करोड़ 25 लाख रुपए का ग्रोस तथा 10 करोड़ 91 लाख रुपए का नेट कलेक्शन किया है।

## RIC में 'श्री राम की शक्ति पूजा'



**बेधड़क. जयपुर।** रंग राजस्थान में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के मैन ऑडिटोरियम में नाटक श्री राम की शक्ति पूजा का मंचन नरेश कुमार के निर्देशन में हुआ। राम की शक्ति पूजा कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराली की इसी शीषेक वाली कविताका नाट्य रूपांतरण है। कहानी में लेखक ने श्री राम को एक साधारण मानव के धरातल पर खड़ा किया है, जो थकता भी है, टूटता भी है और उसके मन में जय एवं पराजय का भीषण द्वन्द्व भी चलता है। नाटक में राम रावण युद्ध के प्रसंग का प्रयोग किया है। युद्ध में श्री राम का एक भी बाण रावण को छू नहीं पा रहा था। रावण की सेना को परास्त करना असंभव जान पड़ रहा था। यह देख श्री राम ने अंतर ध्यान कर देखते हैं कि रावण का साथ स्वयं शक्ति मां दे रही है। तब जामवंत शक्ति की आराधना करने की सलाह देते हैं। फिर श्री राम शक्ति की आराधना करते हैं, जिसमें वह उन्हें 108 कमल चढ़ाने का प्रण लेते हैं। मां शक्ति राम जी की परीक्षा लेती है और अंतिम आहुति का कमल छुपा देती हैं। ऐसे में प्रभु राम क्या करेंगे? इसी परीक्षा की गाथा है राम की शक्ति पूजा। रंग राजस्थान में 29 फरवरी को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शाम 7 बजे जयपुर के अभिषेक मुद्गल के निर्देशन में मंचित होगा नाटक रश्मिरथी, नाटक के लेखक हैं रामधारी सिंह दिनकर।

## कैशियर को 5 लाख का पुरस्कार



**बेधड़क. जयपुर।** बीते दिनों राजधानी के झोटवाड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लूट की घटना में लुटेरों दबोचते समय घायल हुए कैशियर नरेन्द्र सिंह से मणिपाल अस्पताल में जोधपुर की जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कुणाल सिंह भाटी पहुंचे और शेखावत को उनकी बहादुरी के लिए पांच लाख रुपए का पुरस्कार दिया। युवा नेता कुणाल सिंह भाटी ने उनकी कुशलक्षेम जानी। मीडिया से बात करते हुए कुणाल सिंह भाटी ने कहा कि नरेन्द्र सिंह शेखावत ने अपनी जान पर खेलकर लूट की वारदात को असफल किया है। अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जिस बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठता की नजीर पेश की है, वह समाज में आदर्श स्थापित करने वाली है। राजस्थान में सदियों से बहादुरी को पुरस्कृत करने की परंपरा रही है और उसी परंपरा का पालन करने के लिए वे जैसलमेर से चलकर जयपुर आए हैं और उन्होंने पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता नरेन्द्र सिंह शेखावत को उनकी बहादुरी के लिए दिया है।

## City इवेंट्स

### मई में शुरू होगी जॉली LLB3 की शूटिंग




**बेधड़क. जयपुर।** जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग 3 मई से शुरू होगी। अक्षय और अरशद दोनों ने फिल्म के लिए अपनी तारीखें दे दी हैं। दोनों कलाकार वेलकम टू द जंगल का मैराथन शेड्यूल पूरा करने के बाद इस मूवी में काम करेंगे। सुभाष कपूर द्वारा निर्देशित जॉली एलएलबी 3 उनकी पिछली दो सुपरहिट जॉली एलएलबी और जॉली एलएलबी की फ्रेंचाइजी है। अक्षय कुमार और अरशद वारसी ने दोनों पार्ट में अलग-अलग काम किया और दोनों को ही दर्शकों ने खूब प्यार दिया। सुभाष कपूर ने अब तीसरे पार्ट में इन दोनों एक्टर्स को एक साथ लाकर इस मूवी को हाइप दे दी है। जब से यह खबर बाहर आई है दोनों स्टार्स के फैंस में मूवी के प्रति जबरदस्त क्रेज है।

### 'हम भारत के लोग' नाटक आज

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की पाक्षिक नाट्य योजना के तहत 29 फरवरी को नाटक 'हम भारत के लोग' का मंचन किया जाएगा। नाटक का लेखन, परिकल्पना व निर्देशन वरिष्ठ नाट्य निर्देशक अभिषेक गोस्वामी ने किया है। रंगायन में सायं 6:30 बजे होने वाले नाटक में ब्रीदिंग स्पेस समूह के कलाकार प्रस्तुति देंगे। नाटक रोजमर्रा के जीवन में सामने आने वाली उन घटनाओं को व्यंग्यात्मक तरीके से मंच पर साकार करता है जो सभ्य समाज को कलंकित करने वाली है।

### खेल-खेल में प्रज्ञा जायसवाल ने मारी एंट्री



**बेधड़क. जयपुर।** साउथ में अखंडा और कंचे जैसी ब्लॉकबस्टर मूवीज देने के बाद प्रज्ञा जायसवाल ने अब बॉलीवुड में अक्षय कुमार की फैमिली एंटरटेनर फिल्म खेल-खेल में एंट्री मारी है। खेल-खेल में इटालियन फिल्म पर्फेटी स्कोनोसियुटी (परफेक्ट स्ट्रेंजर्स) का रीमेक है। इस मवूी में अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। उनके साथ फरदीन खान भी इसमें इंपोर्टेंट रोल करने जा रहे हैं। फरदीन लंबे समय बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। 'खेल खेल में' का डायरेक्शन मुदस्सर अजीज कर रहे हैं और वो इसे पूरी तरह से मनोरंजक बनाने में जुटे हैं। प्रज्ञा जायसवाल के जुड़ने से इस मूवी के प्रति साउथ के दर्शकों का भी इंटरेस्ट बढ़ गया है।

## भगवान पदमप्रभु का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

# पदमपुरा में विवेक सागर ससंघ के सान्निध्य में चढ़ाया निर्वाण लाडू



**बेधड़क | जयपुर**

जैन धर्म के छठे तीर्थंकर भगवान पदमप्रभु का मोक्ष कल्याणक दिवस बुधवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रातः पदमप्रभू भगवान के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई । पूजा के दौरान निर्वाण काण्ड भाषा बोलकर मोक्ष कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया गया। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा (बाड़ा) में आचार्य विवेक सागर ससंघ सान्निध्य में अध्यक्ष सुधीर जैन व मंत्री हेमन्त सोगाणी के नेतृत्व में प्रातः मूल नायक पद्मप्रभ भगवान की प्रतिमा के विशेष अभिषेक के बाद निर्वाण लाडू चढाया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक ज्ञान चन्द झांझरी, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डया, कोषाध्यक्ष राज कुमार कोठ्यारी, संयुक्त मंत्री जेएम जैन, सुरेश काला, जीसी सोगानी, राकेश जैन, चौथ मल जैन आदि शामिल हुए। मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में बसंती देवी, अजय जैन, कैलाश सेठी, विनेश सोगानी, सुनील गोधा, राकेश चांदवाड़ और श्रद्धालु शामिल हुए।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, लालजी सांड का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर पहाड़ियान, तारों की कूंट पर सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सेठी कालोनी मंदिर, सांगानेर संघीजी सहित अन्य जैन मंदिरों में मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

## इंटरनेशनल वुमंस डे पर किया जाएगा आयोजन

# पिंक वुमनिया क्लब की कार रैली में 500 महिलाएं होंगी शामिल




**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी की महिलाओं के एलीट ग्रुप पिंक वुमनिया क्लब एवं महिंद्रा राइज एक्सयूवी 400 की ओर से 3 मार्च 2024 को शहर की सबसे बड़ी वुमंस कार रैली निकाली जाएगी। इंटरनेशनल वुमंस डे पर जिविया आईवीएफ, मणिपाल हॉस्पिटल तथा मोतीसंस ज्वैलर्स के सहयोग से होने वाली इस कार रैली में करीब 500 महिलाएं शामिल होंगी, जिनमें 100 से अधिक महिला कार ड्राइवर्स आमजन को महिला स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का संदेश देंगी। बुधवार को होटल ग्रांड सफारी में हुए कार्यक्रम में पिंक वुमनिया कार रैली के पोस्टर का विमोचन क्लब की फाउंडर कनु मेहता, निम्स यूनिवर्सिटी की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. शोभा तोमर, महिंद्रा राइज से शिवांगी मित्तल, मयूर स्कूल जयपुर के वाइस प्रेसिडेंट प्रवीण शर्मा व रिचा जैन, सफारी ग्रुप के डायरेक्टर पवन गोयल, जिविया आईवीएफ से डॉ. रिचा, मणिपाल हॉस्पिटल से राकेश धर्माणी, जयपुर बज से मनिका कर्णावट, लव ओवर कॉफी से रजत शर्मा ने किया। इस मौके पर स्मार्ट एंड शाइन से ऋषिता भार्गव, प्रीति मल्होत्रा, रवीना सक्सेना, तूलिका गोयल आदि मौजूद थे। क्लब की फाउंडर कनु मेहता ने बताया कि 3 मार्च को सुबह 6:30 बजे रैली क्वालो क्लब से शुरू होकर जवाहर सर्किल होते हुए सीतापुरा स्थित मयूर स्कूल जयपुर पहुंचकर संपन्न होगी। यहां अवॉर्ड सेरेमनी में पार्टिसिपेंट्स को बेस्ट थीम स्लोगन कार, बेस्ट डेकोरेटेड कार, बेस्ट कॉस्ट्यूम ऑफ पार्टिसिपेंट ऑन थीम, बिगेस्ट ग्रुप अवॉर्ड और स्पेशल अवॉर्ड ऑन जजेस चॉइस दिए जाएंगे।

**इकरान 2024** | जयपुर में ट्रॉमा क्षेत्र की उपलब्धियों और संभावनाओं पर करेंगे चर्चा

# पहली बार विश्व के 300 न्यूरो सर्जन आएंगे एक मंच पर

**बेधड़क | जयपुर**

विश्व के 300 से अधिक प्रतिष्ठित न्यूरोसर्जन भारत में पहली बार एक से तीन मार्च तक जयपुर में एकत्र होकर ट्रॉमा क्षेत्र की उपलब्धियों और संभावनाओं के विषय में चर्चा करेंगे। द वर्ल्ड फैडरेशन ऑफ न्यूरोसर्जरी के पहले भारतीय सेकंड वाइस प्रेसिडेंट और आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. वीडी सिन्हा एवं आयोजन सचिव डॉ. अशोक गुप्ता ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि यह देश के लिए गौरव की बात है कि भारत में पहली बार 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिसेंट एडवांसेज इन न्यूरोट्रामेटोलॉजी' (इकरान 2024) जयपुर में आयोजित की जा रही है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि यह पहला मौका है जब डॉ. सिन्हा के रूप में किसी भारतीय को फैडरेशन में उच्च पद पर नुमाइंदगी मिली और उसी के साथ यह कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की जिम्मेदारी भी।



### अनुसंधान को मिलेगी एक नई दिशा

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. सिन्हा ने विश्वास जताया कि विलक्षण प्रतिभा के धनी इन न्यूरोसर्जंस के बीच होने वाला गहन विचार विमर्श, विश्व की न्यूरोसर्जरी चिकित्सा, शिक्षा और उसमें अनुसंधान को एक नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि न्यूरोट्रोमा के फील्ड में काम कर रहे युवा न्यूरोसर्जन के लिए यह विश्व के अनुभवी और सर्वोत्तम चिकित्सकों से बातचीत कर अपनी प्रतिभा को निखारने का एक बड़ा अवसर भी होगा।

### एक मार्च को होगी वॉकथान

सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस से पहले 29 फरवरी को एक प्री कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप भी होगी, जिसमें स्कल (खोपड़ी) से जुड़ी तकनीक और 3डी एनाटॉमी एक्सोस्कोप डिमॉन्सट्रेशन होगा। समाज में सड़क सुरक्षा और अंगदान के प्रति जागरूकता जगाने के उद्देश्य से इस मौके पर एक मार्च को एक वॉकथान भी आयोजित की जा रही है।

हर समस्या के तीन समाधान होते हैं- स्वीकार करो, बदल दो या फिर छोड़ दो।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**यूक्रेन में सेना भेजने की सुगबुगाहट पर कहा- सेना भेजी तो संघर्ष टाला नहीं जा सकेगा**

# मैक्रों के बयान पर भड़का रूस, नाटो को सीधी वॉर्निंग

**एजेंसी** | मॉस्को

नाटो के यूरोपीय सदस्यों की ओर से यूक्रेन में लड़ने के लिए सेना भेजने की सुगबुगाहट शुरू होते ही रूस ने नाटो देशों को वॉर्निंग दी है। क्रेमलिन ने कहा कि अगर नाटो के यूरोपीय सदस्यों ने यूक्रेन में लड़ने के लिए सेना भेजी तो अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य संगठन के बीच संघर्ष को टाला नहीं जा सकेगा। रूस की ओर से यह धमकी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने नाटो सैनिकों को यूक्रेन भेजने की बात कही थी। यूरोपीय नेताओं की एक सभा में यूक्रेन युद्ध को लेकर हुई चर्चा के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को कहा था कि भविष्य में यूक्रेन में पश्चिमी सैनिकों को भेजने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि नाटो के नेताओं ने खुद को मैक्रों के इस बयान से दूर कर लिया है। इससे यह भी साबित होता है कि यूक्रेन की मदद करने के लिए उसके सहयोगी आपस में संघर्ष कर रहे हैं। इधर, अमेरिका का संकल्प लगातार कमजोर हो रहा है और युद्ध में रूस को बढ़त मिल रही है। क्रेमलिन ने कहा कि नाटो देशों का जमीनी हस्तक्षेप पश्चिमी सैन्य गठबंधन और रूसी सेनाओं के बीच सीधा टकराव करा सकता है, जो संभावित खतरों से भरा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, 'यह निश्चित तौर से इन देशों के हित में नहीं होगा।'

### हर जरूरी कदम उठाएंगे कि रूस ना जीत सके

यूक्रेन पर रूस के हमले को दो साल से ज्यादा का समय हो चुका है। फ्रांस के राष्ट्रपति ने पेरिस में 20 यूरोपीय राष्ट्राध्यक्षों और अन्य पश्चिमी अधिकारियों की बैठक में कहा था कि हम हर आवश्यक कदम उठाएंगे ताकि रूस युद्ध न जीत सके। मैक्रों ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मौके पर आधिकारिक, समर्थित तरीके से सेना भेजने पर आज कोई सहमति नहीं है लेकिन बदलती परिस्थितियों के संदर्भ में किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



### यूएस नहीं भेजेगा अपनी सेना

मैक्रों को उनके बयान पर नाटो देशों से समर्थन नहीं मिल रहा है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन ने साफ किया है कि अमेरिका यूक्रेन में लड़ने के लिए सेना नहीं भेजेगा। इस मीटिंग में जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज और पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा के साथ-साथ बाल्टिक देशों के नेता भी शामिल थे। मैक्रों ने इस बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया कि कौन से देश सेना भेजने पर विचार कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि वह कुछ 'रणनीतिक अस्पष्टता' बनाए रखना पसंद करते हैं। 1962 में क्यूबा मिसाइल संकट के बाद पश्चिम के साथ रूस के संबंध सबसे खराब स्तर पर पहुंच चुके हैं। राष्ट्रपति पुतिन पहले भी नाटो से सीधे संघर्ष की चेतावनी दे चुके हैं।

### मास्को में होगा नवलनी का अंतिम संस्कार

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचकों में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार शुक्रवार को मास्को में किया जाएगा। प्रवक्ता कायरा यारमिश ने एक्स पोस्ट में कहा कि मास्को के मैरीनो स्थित चर्च में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्हें चर्च के पास स्थित बोरिसोव्स्काय कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। नवलनी की मौत 16 फरवरी को आर्कटिक क्षेत्र के पास स्थित जेल में हो गई थी। इस मामले में कई पश्चिमी नेताओं का कहना है कि नवलनी की मौत के पीछे पुतिन का हाथ है। क्रेमलिन नवलनी और उनके समर्थकों को अमेरिकी समर्थक चरमपंथी मानता है।

**डेमोक्रेटिक पार्टी के 20% प्रशंसकों ने पूर्व फर्स्ट लेडी को चुना**

## बाइडेन का विकल्प मिशेल!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका में इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप की बढ़ती लोकप्रियता के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी जो बाइडेन के विकल्पों पर भी विचार कर रही है। इस बीच एक ताजा सर्वे में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल अब काफी बुजुर्ग हो चुके बाइडेन की जगह लेने के मामले में सबसे पसंदीदा उम्मीदवार बनकर उभरी हैं।

सर्वे में डेमोक्रेटिक पार्टी के 20 फीसदी प्रशंसकों ने मिशेल ओबामा को वोट दिया है। यह सर्वे ऐसे समय पर आया है जब रिपब्लिकन पार्टी की ओर से डोनाल्ड ट्रंप को कभी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया जा सकता है। पद के उम्मीदवार घोषित किए जा सकते हैं। मिशिगन में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए हुए प्राइमरी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप ने एक बार फिर आसानी से भारतवंशी दावेदार निक्की हेली को हरा दिया है। वहीं, बाइडेन ने मिनेसोटा से डीन फिलिप्स को हराया, जो डेमोक्रेटिक प्राइमरी में उन्हें टक्कर दे रहे थे। रासमुसेन रिपोर्ट्स के हालिया पोल के अनुसार, पूर्व अमेरिकी प्रथम महिला मिशेल ओबामा 2024 के चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में राष्ट्रपति जो बाइडेन को बदलने के लिए डेमोक्रेटिक मतदाताओं की पहली पसंद हैं। सर्वेक्षण से पता चला कि 48 प्रतिशत डेमोक्रेटिक मतदाताओं ने नवंबर चुनाव से पहले पार्टी के लिए एक और उम्मीदवार खोजने की इच्छा व्यक्त की, जबकि 38 फीसदी असहमत थे। हालांकि, केवल 33 प्रतिशत का मानना था कि मतपत्र में बदलाव की संभावना है। बाइडेन को बदलने के विकल्पों में मिशेल ओबामा को सबसे अधिक वोट मिले, जिन्होंने 20 प्रतिशत वोट हासिल किए।





### हिलेरी को मिले 12% वोट

अन्य दावेदारों में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजॉम और मिशिगन के गवर्नर ग्रेटचेन व्हिटमर शामिल थे। पोल ने यह भी संकेत दिया कि 15 प्रतिशत डेमोक्रेट कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पसंद करते हैं, जबकि 12 प्रतिशत हिलेरी क्लिंटन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच फिर से मुकाबला देखना चाहते हैं। साल 2016 में हिलेरी और ट्रंप के बीच चुनावी संग्राम हो चुका है।

### एक हजार तिब्बती गिरफ्तार

**बीजिंग।** चीनी कब्जे वाले तिब्बत में भारी बवाल मचा हुआ है। तिब्बत के अंदर से जानकारी मिली है कि पुलिस ने दक्षिण-पश्चिमी चीन के सिचुआन में कम से कम दो स्थानीय मठों के भिक्षुओं सहित 1000 से अधिक तिब्बतियों को गिरफ्तार किया है। ये तिब्बती एक बांध के निर्माण का विरोध कर रहे थे। इसके कारण छह बौद्ध मठों के नष्ट होने और दो गांवों को जबरन विस्थापित होने की आशंका है।

**उत्तरी कोरिया के सैटेलाइट के लिए अंतरिक्ष विज्ञानी का दावा**

## अभी भी एक्टिव है 'मल्लीगयोंग'

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया का पहला जासूसी सैटेलाइट अभी भी चालू है। नीदरलैंड स्थित एक अंतरिक्ष विशेषज्ञ ने बताया कि प्योंगयांग सफलतापूर्वक अंतरिक्ष यान को नियंत्रित कर रहा था। हालांकि, इसकी क्षमताएं अज्ञात हैं। दरअसल, उत्तर कोरिया का यह जासूसी सैटेलाइट दो बार लॉन्च होने से पहले ही फेल हो गया था। लेकिन, पिछले साल नवंबर में उत्तर कोरिया ने एक बार फिर से मल्लीगयोंग-1 सैटेलाइट को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। प्योंगयांग के राज्य मीडिया ने दावा किया कि उसने दक्षिण कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य जगहों पर संवेदनशील सैन्य और राजनीतिक स्थलों की तस्वीरें ली हैं, लेकिन कोई इमेजरी जारी नहीं की है। नीदरलैंड में डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के सैटेलाइट विशेषज्ञ मार्को लैंगब्रोक ने एक ब्लॉग पोस्ट में दावा किया है कि उत्तर कोरिया का सैटेलाइट सही तरीके से काम कर रहा है। 19-24 फरवरी तक, सैटेलाइट ने अपनी कक्षा में सबसे निचले बिंदु को 488 किमी से 497 किमी तक बढ़ाने की कोशिश की है, जो यह साबित करता है कि मल्लीगयोंग-1 अभी भी सही तरीके से काम कर रहा है।

**नासा के रडार ने देखा उल्कापिंड**

## धरती के करीब से गुजरा आसमानी 'स्टेडियम'

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अंतरिक्ष में तैर रहे अनगिनत उल्कापिंडों में से एक स्टेडियम के आकार का उल्कापिंड हाल ही में पृथ्वी के बहुत नजदीक से गुजरा है। इसे नासा के शक्तिशाली रडार सिस्टम ने देखा है। यह एस्टेरॉयड 2008 OS7 है जो दो फरवरी को 29 लाख किमी की सुरक्षित दूरी से पृथ्वी के पास से गुजरा। यह पृथ्वी और चंद्रमा की दूरी से लगभग 7.5 गुना ज्यादा है। हालांकि, इस विशालकाय अंतरिक्ष चट्टान से हमारे ग्रह को नुकसान पहुंचने का कोई खतरा नहीं था। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (JPL) के वैज्ञानिकों ने एस्टेरॉयड की तस्वीरों की एक श्रृंखला बनाने के लिए गोल्डस्टोन सोलर सिस्टम रडार का इस्तेमाल किया। इस नए अवलोकन ने उल्कापिंड के आकार को समझने में मदद की। इस महीने करीब आने से पहले यह काफी दूर था, जिस कारण ज्यादातर ग्रहीय राडार प्रणालियों के लिए इसकी तस्वीर बनाना बेहद मुश्किल था। उल्कापिंड 2008 OS7 हर 2.6 साल में सूर्य की एक परिक्रमा पूरी करता है। यह सूर्य के सबसे निकट शुक्र की कक्षा के भीतर से गुजरता है और सबसे दूर मंगल की कक्षा से बाहर निकलता है।



### 200 साल तक के लिए गया दूर

JPL ने बयान में लिखा कि 2008 OS7 को इसके आकार और पृथ्वी के करीब से गुजरने के कारण संभावित रूप से खतरनाक की श्रेणी में रखा गया है। लेकिन अब यह अगले 200 साल तक हमारे ग्रह के इतने करीब नहीं आएगा। पृथ्वी के करीब की वस्तुओं की खोज के दौरान 2008 में इसे देखा गया था।

**एक रोटेशन में लगते हैं 29.5 घंटे:** दो फरवरी को JPL के रडार ऑब्जर्वेशन का इस्तेमाल करते हुए वैज्ञानिकों ने पाया कि एस्टेरॉयड शुरुआती अनुमान से काफी छोटा है। यह 150 से 200 मीटर का है। नए अवलोकन ने इस बात की भी पुष्टि की है कि 2008 OS7 असामान्य रूप से धीमी गति से घूमता है। हर 29.5 घंटे में यह एक पूर्ण रोटेशन करता है। गोल्डस्टोन सोलर सिस्टम रडार का DSS-14 एंटीना दुनिया का एकमात्र पूरी तरह से संचालित होने वाला ग्रहीय रडार सिस्टम है।

**सोशल मीडिया पर लोग आमने-सामने**

## पिता के पैर छुए तो मरियम पर बरसे कट्टरपंथी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री बनीं मरियम नवाज के अपने पिता नवाज शरीफ के पैर छूने से सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ है। इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब चर्चित पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर के नाम से बने फर्जी एक्स अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें मरियम अपने पिता नवाज शरीफ के पैर छूकर आशीर्वाद ले रही हैं। इस फर्जी यूजर ने उर्दू में तंज कसते हुए लिखा, 'यह (पैर छूना) प्रथा किस धर्म में है?' इस पर एक इमरान समर्थक ने मरियम के हाथ जोड़ने की तस्वीर ट्वीट की। वहीं पाकिस्तान के कट्टरपंथियों ने पैर छूने को हिंदू धर्म से जोड़ दिया। विवाद में भारत और पाक के लोगों ने कट्टरपंथियों को जवाब दिया है।

**भारत-पाक से मिला करारा जवाब:** संदीप नील नाम यूजर ने लिखा, इसे सनातन धर्म कहते हैं। वरुण शर्मा ने लिखा कि पाकिस्तान में हिंदू पूर्वज रहे हैं। आलोक नौटियाल ने लिखा कि पैर छूना हिंदू धर्म में है। आपके पूर्वज भी हिंदू थे। अपने परदादा के नाम का पता करें। जितेंद्र प्रताप ने लिखा आपका देश धर्म के नाम पर बर्बाद हो गया। आपका देश घृणा करने के कारण ही दो भागों में बंट गया। आपके देश में केवल इसलिए एक महिला को मारने की कोशिश की गई कि उसने अरबी प्रिंट वाला कपड़ा पहना था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl